कर्म चारभते दुष्टं तमाहुर्मूढचेतसम् ॥ ३५ ॥

संसारयति कृत्यानि सर्वत्र विचिकित्सते ।
चिरं करोति क्षिप्रार्थे स मूढो भरतर्षभ ॥ ३६ ॥

श्राद्धं पितृभ्यो न ददाति दैवतानि न चार्चति ।
सुहृन्मित्रं न लभते तमाहुर्मूढचेतसम् ॥ ३७ ॥

अनाहूतः प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधमः ॥ ३८ ॥

परं क्षिपति दोषेण वर्तमानः स्वयं तथा ।
यश्च क्रुध्यत्यनीशानः स च मूढतमो नरः ॥ ३९ ॥

आत्मनो बलमज्ञाय धर्मार्थपरिवर्जितम् ।
अलभ्यमिच्छन्नैष्कर्म्यान्मूढबुद्धिरिहोच्यते ॥ ४० ॥

अशिष्यं शास्ति यो राजन्यश्च शून्यमुपासते ।
कदर्यं भजते यश्च तमाहुर्मूढचेतसम् ॥ ४१ ॥

अर्थं महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा ।
विचरत्यसमुन्नद्धो यः स पण्डित उच्यते ॥ ४२ ॥

एकः संपन्नमश्नाति वस्ते वासश्च शोभनम् ।
योऽसंविभज्य भृत्येभ्यः को नृशंसस्ततस्ततः॥४३ ॥

एकः पापानि कुरुते फलं भुङ्क्ते महाजनः ।
भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते ॥ ४४ ॥

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता ।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद्राष्ट्रं सराजकम्॥ ४५ ॥

एकं विषरसो हन्ति शस्त्रेणैकश्च वध्यते ।
सराष्ट्रं सप्रजं हन्ति राजानं मंत्रविप्लवः ॥ ४६ ॥

एकः स्वादु न भुञ्जीत एकश्चार्थान्न चिंतयेत् ।
एको न गच्छेदध्वानं नैकः सुप्तेषु जागृयात् ॥४७॥

एकमेवाऽद्वितीयं तद्यद्राजन्नावबुध्यसे ।
सत्यं स्वर्गस्य सोपानं पारावारस्य नौरिव ॥४८॥

एकः क्षमावतां दोषो द्वितीयो नोपपद्यते ।
यदेनं क्षमया युक्तमशक्तं मन्यते जनः ॥४९॥

सोऽस्य दोषो न मन्तव्यः क्षमा हि परमं बलम् ।
क्षमा गुणो ह्यशक्तानां शक्तानां भूषणं क्षमा ॥ ५० ॥

क्षमा वशीकृतिर्लोके क्षमया किं न साध्यते ।
शान्तिखड्गः करे यस्य किं करिष्यति दुर्जनः ॥५१॥

अतृणे पतितो वह्निः स्वयमेवोपशाम्यति ।
अक्षमावान्परं दोषैरात्मानं चैव योजयेत् ॥५२॥

एको धर्मः परं श्रेयः क्षमैका शांतिरुत्तमा ।
विद्यैका परमा तृप्तिरहिंसैका सुखावहा ॥५३॥

द्वाविमौ ग्रसते भूमिः सर्पो बिलशयानिव ।
राजानं चाविरोद्धारं ब्राह्मणं चाऽप्रवासिनम् ॥५४॥

द्वे कर्मणी नरः कुर्वन्नस्मिँल्लोके विरोचते ।
अब्रुवन्परुषं किंचिदसतोऽनर्चयंस्तथा ॥५५॥

म. भा. उद्यो. ३३

पाठ ११

[१]

सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति ।
सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युरुं लोकं पृथिवी नः कृणोतु॥१॥

अथर्ववेद. १२।१।१

(सत्यं) सत्य, (बृहत्) वृद्धि, (ऋतं) न्याय्य व्यवहार, (उग्रं) क्षात्रतेज, (दीक्षा) दक्षता, (तपः) तप, द्वंद्व सहन करने की शक्ति, (ब्रह्म) ज्ञान, (यज्ञः) शुभकर्म ये गुण (पृथिवीं धारयन्ति) मातृभूमिका धारण करते है । (सा नः पृथिवी) वह हमारी मातृभूमि हमारे (भूतस्य भव्यस्य पत्नी) भूत भविष्य की पालन कर्त्री है, वह (नः ऊरुं लोकं कृणोतु) हमारे लिये विस्तृत स्थान करे। अर्थात् हमें विस्तृत स्थान देवे ।

[२]

असंबाधं मध्यतो मानवानां यस्या उद्वतः प्रवतः समं बहु ।
नानावीर्या ओषधीर्या बिभर्ति पृथिवी नः प्रथतां राध्यतां नः॥२॥

(यस्याः मानवानां मध्यतः) जिस मातृभूमिके मनुष्योंके अंदर (उद्वतः, प्रवत , समं बहु अ-संबाधं) उच्चता और नीचता तथा समता के विषयमें बहुत ही निर्वैरता है और (या नाना—वीर्या ओषधीः बिभर्ति) नाना प्रकारके वीर्योंसे युक्त औषधियोंको धारण पोषण करती है, वह (नः पृथिवी) हमारी मातृभूमि (नः प्रथतां राध्यतां) हमारी कीर्तिका साधन करे। अर्थात् इस मातृभूमिके कारण हमारी प्रसिद्धि होवे ।

[३]

यस्याश्चतस्र प्रदिशः पृथिव्या यस्यामन्नं कृष्टय संबभूवुः।
या बिभर्ति बहुधा प्राणदेजत्सा नो भूमिर्गोष्वप्यन्ने दधातु ॥४॥

(यस्या पृथिव्या चतस्रः प्रदिशः) जिस मातृभूमिकी चारों दिशाओंमें (कृष्टय) विविध खेतियां (यस्यां अन्नं संबभूवुः) जिसमें अन्नको उत्पन्न करती हैं। और उससे (य) जो भूमि (एजत् प्राणत् बहुधा बिभर्ति) घूमने फिरनेवाले प्राणिमात्र को बहुत प्रकारसे पुष्ट करती है (सा नो भूमिः) वह हमारी मातृ-भूमि हमें (गोषु अन्ने अपि दधातु) गौओंमें तथा अन्नमें भी धारण करें।

[४]

[५]

यां रक्षन्त्यस्वप्ना विश्वदानीं देवा भूमिं पृथिवीमप्रमादम् ।
सा नो मधु प्रियं दुहामथो उक्षतु वर्चसा ॥ ७ ॥

(विश्वदानीं यां भूमिं पृथिवीं) सब कुछ देनेवाली जिस विस्तृत मातृभूमि की (अ-स्वप्नाः देवाः) सुस्ती न करनेवाले देव (अ-प्रमादं रक्षन्ति) प्रमादरहित होकर रक्षा करते हैं (सा नः प्रियं मधु दुहां) वह हमको मीठे मधुर पदार्थ देती रहे (अथो वर्चसा उक्षतु) और तेजके साथ हमें बढावे ॥

[६]

यो नो द्वेषत् पृथिवि यः पृतन्याद्योऽभिदासान्मनसा यो वधेन ।
तं नो भूमे रंधय पूर्वकृत्वरि ॥ १४ ॥

हे (पृथिवि) मातृभूमि ! (यः नः द्वेषत्) जो हम सब का द्वेष े (यः पृतन्यात्) जो हमारे ऊपर सेना चलावे, (यः मनसा भिदासात्) जो मनसे हमें दास बनानेका विचार करे, तथा (यः धेन) जो वधसे हमारा नाश करनेका यत्न करे, हे (पूर्व-कृत्वरि) ि कर्मोंमें कुशल (नः भूमे) हमारी मातृभूमि ! तू (तं रंधय) तका पूर्ण नाश कर ।

[७]

त्वज्जातास्त्वयि चरन्ति मर्त्यास्त्वं बिभर्षि द्विपदस्त्वं चतुष्पदः।
तवेमे पृथिवि पञ्च मानवा येभ्यो ज्योतिरमृतं मर्त्येभ्य उद्यन्त्सूर्यो
रश्मिभिरातनोति ॥ १५॥

हे (पृथिवि) मातृभूमि! (ये मर्त्याः त्वज्जाताः) जो हम सब मनुष्य तुझसे ही उत्पन्न हुए हैं और (त्वयि चरन्ति) तुझपर ही चलते हैं, (त्वं द्विपदः चतुष्पदः बिभर्षि) तू द्विपाद और चतुष्पादोंको धारण पोषण करती हो, (येभ्यः मर्त्येभ्यः) जिन मत प्राणियों के लिये (अमृतं ज्योतिः) अमृतमय प्रकाश (उद्य सूर्यः) उदय होनेवाला सूर्य (रश्मिभि० आतनोति) अप किरणोंसे फैलाता है, वे (इमे पंच मानवा) ये सब पांच प्रकार के मनुष्य (तव एव) तेरे ही सुपुत्र हैं।

[८]

विश्वस्वं मातरमोषधीनां ध्रुवां भूमिं पृथिवीं धर्मणा
धृताम्। शिवां स्योनामनुचरेम विश्वहा ॥ १७॥

(ओषधीनां मातरं) ओषधियोंकी माता अर्थात् उत्पाद (शिवां) कल्याणकारक, (स्योनां) सुखदायक, (धर्म धृतां) धर्मसे धारण की हुई, (ध्रुवां पृथिवीं भूमिं) स्थिर अ विस्तृत भूमिको (विश्वहा) सर्वदा (विश्वस्वं) सर्वस्व अ करके (अनुचरेम) सेवा करेंगे।

संस्कृत-पाठ-माला।

चोवीस पुस्तकोंका मू० ६॥) और डा० व्य० ॥=) बारह पुस्तकों का मूल्य ४) और डा.व्य. ॥) प्रति भागका मूल्य ।=) छः आने और डा.व्य. -) एक आना। अत्यंत सुगम रीतिसे संस्कृत भाषाका अध्ययन करनेकी अपूर्व पद्धति।

इस पद्धतिकी विशेषता यह है—

१ प्रथम द्वितीय और तृतीय भाग। इन भागोंमें संस्कृतके साथ साधारण परिचय करा दिया गया है।

२ चतुर्थ भाग। इस चतुर्थ भागमें संधिविचार बताया है।

३ पंचम और षष्ठ भाग। इन दो भागोंमें संस्कृतके साथ विशेष परिचय कराया है।

४ सप्तम से दशम भाग। इन चार भागोंमें पुलिंग,, स्त्रीलिंग और नपुंसलिंगी नामोंके रूप बनानेकी विधि बताई है।

५ एकादश भाग। इस भागमें "सर्वनाम" के रूप बताये हैं।

६ द्वादश भाग। इस भागमें समासोंका विचार किया है।

७ तेरहसे अठारहवें भाग तकके ६ भाग। इन छः भागोंमें क्रियापदविचार की पाठविधि बताई है।

८ उन्नीससे चौवीसवें भागतकके ६ भाग। इन छः भागोंमें वेदके साथ परिचय कराया है।

अर्थात् जो लोग इस पद्धतिसे अध्ययन करेंगे उनको अल्प परिश्रमसे बडा लाभ हो सकता है।

मंत्री-स्वाध्याय-मंडल, औंध (जि० सातारा)

मुद्रक तथा प्रकाशक— श्री. दा. सातवळेकर, भारतमुद्रणालय
स्वाध्यायमंडल, औंध (जि. सातारा.)

अंक २०



संस्कृत पाठ माला ।

(संस्कृत भाषाका अध्ययन करनेका सुगम उपाय)

भाग बीसवाँ ।



लेखक और प्रकाशक,

श्रीपाद दामोदर सातवळेकर,

स्वाध्याय मंडल, औंध (जि. सातारा)

प्रथम वार.

संवत् १९८४, शक १८४९, सन १९२७

मूल्य पांच आने

केन उपनिषद् ।

इस पुस्तकमें निम्न लिखित विषयोंका विचार हुआ है—

१ केन उपनिषद् का मनन,
२ उपनिषद् ज्ञान का महत्त्व,
३ उपनिषद् का अर्थ,
४ सांप्रदयिक झगडे,
५ " केन " शब्द का महत्त्व,
६ वेदान्त,
७ उपनिषदोंमें ज्ञानका विकास,
८ अग्नि शब्दका भाव,
९ उपनिषद् के अंग,
१० शांतिमंत्रोंका विचार,
११ तीनों शांति मंत्रों में तत्त्व-ज्ञान,
१२ तीन शांतियोंका भाव,
१३ ईश और केन उपनिषद्,
१४ " यक्ष " कौन है?,
१५ हैमवती उमा,
१६ पार्वती कौन है?
१७ पर्वत, पार्वती, रुद्र, सप्त ऋषि और अरुंधती,
१८ इंद्र कौन है?
१९ उपनिषद् का अर्थ और व्याख्या,
२० अथर्ववेदीय केन सूक्तका अर्थ और व्याख्या,
२१ व्यष्टि, समष्टी और परमेष्ठी
२२ त्रिलोकी,
२३ अथर्वाका सिर,
२४ ब्रह्मज्ञानी की आयुष्य मर्यादा,
२५ ब्रह्मनगरी.अयोध्या,आठचक्र.
२६ आत्मवान् यक्ष,
२७ अपनी राजधानीमें ब्रह्मका प्रवेश,
२८ देवी भागवत में देवीकी कथा,
२९ वेदका वागांभृणी सूक्त, इंद्र सूक्त, वैकुंठ सूक्त, अथर्व सूक्त
३० शास्त्रमत, देव और देवता की एकता,
३१ वैदिक ज्ञान की श्रेष्ठता।

इतने विषय इस पुस्तक में आगये हैं, इस लिये उपनिषदों का विचार करने वालों के लिये यह पुस्तक अवश्य पढने योग्य है।

मूल्य १।) रु. डाकव्यय=) है।

मंत्री-स्वाध्याय मंडल, औंध. (जि. सातारा)

अंक २०



संस्कृत पाठ माला ।

(संस्कृत भाषाका अध्ययन करनेका सुगम उपाय)

भाग वीसवाँ ।

———o———

लेखक और प्रकाशक,

श्रीपाद दामोदर सातवळेकर,

स्वाध्याय मंडल, औंध (जि· सातारा)

—

प्रथम वार·

—

संवत् १९८४, शक १८४९, सन१९२७

—

मूल्य पांच आने

स्वरचिन्ह ।

वेदमें अक्षरों के नीचे और ऊपर स्वरचिन्ह दिये जाते हैं उन को स्वर कहते हैं। इन स्वरोंके कुछ नियम इस पुस्तक में दिये हैं। यदि पाठक इन नियमोंको ध्यानसे पढेंगे तो उनको स्वर किस नियमसे दिये जाते हैं और स्वर कैसे बदलते हैं इस बातका पता लग जायगा। स्वरका प्रकरण बडा लंबा चौडा है, परंतु इस भागको संक्षेप से यहां दिया है। इसलिये इसके मनन से पाठक स्वरके विषयकी आवश्यक बात समझ सकते हैं।

औंध (जि. सातारा) २० । ११ । २७	लेखक श्रीपाद दामोदर सातवळेकर स्वाध्याय मंडल

मुद्रक तथा प्रकाशक- श्रीपाद दामोदर सातवळेकर, भारत मुद्रणालय, औंध (जि० सातारा)

ॐ

संस्कृत–पाठ–माला।

भाग वीसवाँ।

पाठ १

इस पाठमें निम्न लिखित मंत्रोंका अध्ययन कीजिये–

(१)

नमस्ते हरसे शोचिषे नमस्ते अस्त्वर्चिषे।
अन्यांस्ते अस्मत्तपन्तु हेतयः पावको अस्मभ्यं शिवो भव॥

यजु. ३६।२०

हे ईश्वर! (हरसे) दुष्टताका हरण करनेवाले, (शोचिषे) पवित्रता बढानेवाले और (अर्चिषे) तेज फैलानेवाले (ते नमः, ते नमः) तेरे लिये हमारा नमस्कार (अस्तु) है। (ते हेतयः) तेरे शस्त्र (अस्मत् अन्यान्) हमको छोडकर अन्य अर्थात् धर्म के शत्रुओंको (तपन्तु) ताप देते रहें। (पावकः) पवित्रता करने वाला तू ईश्वर (अस्मभ्यं) हम सबके लिये (शिवो भव) कल्याण कारी होवे॥

परमेश्वर दुष्टता दूर करने वाला, पवित्रता बढाने वाला और प्रकाश को फैलाने वाला है, इसलिये उसको ही नमन करना हम

सबको उचित है। हरएक मनुष्य उसीकी पूजा करे। हम सबका आचरण ऐसा धर्म नियमों से युक्त होवे कि जिससे हमपर ईश्वर का शासक दण्डन गिरे, वह दण्ड उनपर गिरे कि जो अधर्माचरण करते हों। पवित्रता बढ़ाने वाले ईश्वर की दया हम सब पर बरसती रहे।

(२)

नमस्ते अस्तु विद्युते नमस्ते स्तनयित्नवे।
नमस्ते भगवन्नस्तु यतः स्वः समीहसे ॥ यजु. ३६।२१

हे ईश्वर ! (विद्युते ते नमः अस्तु) विशेष तेजःस्वरूप तेरे लिये हमारा नमस्कार हो। (स्तनयित्नवे ते नमः) महान शब्द करने वाले तेरे लिये मेरा नमस्कार हो। हे (भगवन्) ऐश्वर्य संपन्न ईश्वर !(यतः) जिस स्थानसे तू (स्वः) अपने निजानंद में (सं ईहसे) सम्यक् चेष्टा करता है, वहां (ते नमः अस्तु) तेरे लिये मेरा नमस्कार हो॥

ईश्वर परम तेजस्वी है, महान ऐश्वर्य संपन्न है और शब्दका प्रवर्तक भी है तथा वह अखंड आनंदमय है। इसलिये उसको नमस्कार करना चाहिये। उसी की पूजा करनी चाहिए। और उसी की भक्ति करनी चाहिये।

(३)

यतो यतः समीहसे ततो नो अभयं कुरु।
शं नः कुरु प्रजाभ्योऽभयं नः पशुभ्यः॥ यजु. ३६।२२

हे ईश्वर ! (यतः यतः) जिस जिस स्थानसे तू (सं ईहसे) प्रेरणा करता है (ततः) उस उस स्थानसे (नः अभयं कुरु) हम सबका अभय कर। (नः प्रजाभ्यः) हमारी सब प्रजाओं के लिये (शं अभयं) कल्याणकारक अभय (कुरु) कर और (नः पशुभ्यः) हम सबके पशुओं के लिये भी अभय दान कर

ईश्वर हम सबको अभय देवे, हमारी प्रजाओं और हमारे पशुओंको भयरहित करे अर्थात् हम सबका पूर्ण कल्याण करे। वह तो सब प्रकार से कल्याण करता ही है। परंतु यहां यह प्रार्थना है। इस प्रकार की प्रार्थना मनुष्य करें और उसकी निर्भयतामें सदा रहें।

(४)

नमः सायं नमः प्रातर्नमो रात्र्या नमो दिवा।
भवाय च शर्वाय चोभाभ्यामकरं नमः॥

अथर्ववेद ११।२।१६

(भवाय) सबके उत्पादक ईश्वर के लिये और (शर्वाय) सबका दुःख निवारण करने वाले ईश्वर के लिये सायंकाल, प्रातःकाल, रात्रीके समय और दिनके समय (नमः अकरं) नमस्कार करते हैं।

दिनमें प्रातःकाल, दोपहरके समय, सायंकाल और रात्रीमें सोते समय ईश्वर की स्तुति प्रार्थना उपासना भक्तिसे और प्रेम से करनी चाहिए।

(५)

ता अस्य नमसा सहः सपर्यन्ति प्रचेतसः।
व्रतान्यस्य सश्चिरे पुरूणि पूर्वचित्तये वस्वीरनु स्वराज्यम्॥

ऋग्वेद १।८४।१२

(स्वराज्यं अनु वस्वीः) स्वराज्य प्राप्तिके अनुकूल व्यवहार करने वाले (ताः प्रचेतसः) वह ज्ञानी जन (अस्य सहः) इस ईश्वरकी शक्तिका (नमसा सपर्यन्ति) नमस्कारोंसे पूजन करते हैं। तथा (अस्य पुरूणि व्रता) इसके विविध नियमों का (सश्चिरे) पालन करते हैं इसलिये कि उससे (पूर्व चित्तये) अपूर्व लाभ प्राप्त हो।

(६)

अपना अभ्युदय चाहने वाले सब लोक परमेश्वर की शक्तियों का, उसके महान कर्मोंका और उसके अनंत यश का चिंतन करें और अपनी भक्तिसे उस की पूजा करें । ऐसा करने से ही उनको अपूर्व लाभ प्राप्त हो सकता है ।

(६)

यदिन्द्र ब्रह्मणस्पतेऽपि मृषा चरामसि ।
प्रचेता न आंगिरसो दुरितात्पात्वंहसः ॥

अथर्ववेद. ६ । ४५ । २

हे (इन्द्र) प्रभो ! हे (ब्रह्मणस्पते) ज्ञानके स्वामिन् ! (यत्) यदि (अपि मृषा चरामसि) असत्य आचरण हमसे हुआ हो, (दुरितात् अंहसः) तो उन सब पापोंसे (आंगिरसः प्रचेताः) विशेष ज्ञानी विद्वान् (नः पातु) हमको बचावे ।

इस जगत् का एक ही प्रभु है वह सर्वज्ञ है, वही सबसे श्रेष्ठ और सर्वोपरि है । कोई भी मनुष्य उस से छिपकर कोई पाप कर नहीं सकता । इस लिये सबको उचित है कि वे उस ईश्वर की भक्ति करें और श्रद्धासे उसकी प्रार्थना करें कि वह हम सबको ऐसी प्रेरणा करें कि हमसे कभी बुरा आचरण न हो और हम सब सदा पापसे बचते रहें ।

सूचना ।

पाठक इस प्रकार मंत्रोंके शब्दोंका अर्थ करें और शब्दार्थ के अनुसार मनन करके मंत्रका भावार्थ देखें । छोटेसे मंत्र का भी भावार्थ बडा गंभीर हो सकता है, क्यों कि भावार्थ में एक एक शब्दके आशय का स्पष्टीकरणके साथ तात्पर्य लेना होता है । इस ढंगसे अभ्यास करनेसे पाठकों को बडा लाभ होगा ।

पाठ २

वैदिक स्वर ।

उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितश्च स्वरास्त्रयः ।
ह्रस्वो दीर्घ प्लुत इति कालतो नियमा अचि ॥

शिक्षा. ११

उदात्त, अनुदात्त, स्वरित ये तीन स्वर हैं और उच्चारण के लघुदीर्घ भेद मे ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत ये भी तीन भेद होते हैं।

इनमें उदात्त अनुदात्त और स्वरित ये स्वरके भेद ऊपर नीचेके आघात के कारण बनते हैं और न्यून अधिक काल लगने के कारण ह्रस्व दीर्घ प्लुत होते हैं।

ह्रस्व स्वर--अ, इ, उ, ऋ, ऌ ।
दीर्घ स्वर--आ, ई, ऊ, ॠ, ०, ए, ऐ, ओ, औ।

ह्रस्व स्वरका काल एक, दीर्घस्वर का काल दो और प्लुत स्वरका काल तीन मात्रा होता है। अर्थात् ह्रस्व स्वर ही दो गुणा लंबा करनेसे दीर्घ और दीर्घ स्वर और अधिक बढाने से प्लुत बनता है । देखिये—

ह्रस्व - हे राम- ।
दीर्घ - हे रामाऽ-ऽ- ।
प्लुत - हे रामा ऽ-ऽ-ऽ- ।

एक ही अकार दो गुणा और तीन गुणा लंबा करने से दीर्घ और प्लुत क्रमश. होता है । इसी प्रकार अन्य स्वरोंके विषयमें समझना योग्य है ।

इन वैदिक स्वरोंका उच्चारण भिन्न भिन्न रीतिसे होता है। अर्थात् उदात्त अनुदात्त और स्वरित स्वरोंका उच्चार भिन्न भिन्न रीतिसे होता है। और यदि इन स्वरोंके उच्चारण में अशुद्धि हुई तो अर्थका अनर्थ भी होता है। इस लिये वेदोच्चार करने के लिये इन स्वरोंके ठीक ज्ञान होनेकी अत्यंत आवश्यकता है।

अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम् ।
होतारं रत्नधातमम् ॥ ऋ. १ । १ ।१

यह मंत्र देखिये। इसमें कई अक्षरों के नीचे रेषा है, कईयों के सिर पर रेषा है और कई अक्षर इस प्रकार की रेषाओंसे रहित हैं। ये स्वर चिन्ह ऐसे क्यों आते हैं और इसका इन अक्षरोंसे क्या संबंध है यह अब देखना है।

यदि पाठक इस विषयके लेख आगेके पाठोंमें विशेष ख्याल से पढेंगे तो उनको इस विषयका आवश्य ज्ञान हो जायगा। इस लिये पाठकोंसे निवेदन है कि वे इस स्वरबोधक पाठोंका अध्ययन विशेष मनन से करें और लाभ उठावें।

पाठ ३

इस पाठमें निम्न लिखित मंत्रोंका अध्ययन कीजिए—

(१)

पाहि नो अग्ने रक्षसः पाहि धूर्तेरराव्णः ।
पाहि रीषत उत वा जिघांसतो बृहद्भानो यविष्ठ्य ।
ऋग्वेद १ । ३६ । १५

हे (बृहत्-भानो) विशेष तेजस्वी ! हे (यविष्ठ्य) बलवान् (अग्ने) प्रकाशक देव ईश्वर ! (नः) हम सबको (रक्षसः)

राक्षसोंसे (पाहि) बचाओ। (धूर्तेः अ-राव्णः) धूर्त स्वार्थियों से (पाहि) बचाओ। (जिघांसतः) हनन करनेवाले शत्रुसे (उत वा) तथा (रीषतः) विनाश करनेवाले शत्रुसे (पाहि) *हम सबको बचाओ।*

हे ईश्वर! तू हम सबका बचाव क्रूर, राक्षस, दुष्ट, धूर्त, स्वार्थी आदिसे कर। तूही सबमें समर्थ, सबको तेज देनेवाला सबका प्रेरक देव है। इसलिये हम सबको अपने बचाव करनेके लिये समर्थ बनाओ और हमें तेजस्वी तथा यशस्वी कर।

(२)

विजानीह्यार्यान्ये च दस्यवो बर्हिष्मते रन्धया शासदव्रतान्।
शाकी भव यजमानस्य चोदिता विश्वेत्ता ते सधमादेषु चाकन॥
ऋग्वेद. १।५१।८

हे ईश्वर! (आर्यान् विजानीहि) अर्योको अर्थात् सत्य धर्मायों को जान लो और (ये च दस्यवः) जो चोर हैं और घातक तथा हिंसक हैं उनको भी जान लो। (बर्हिष्मते) सत्कर्म करने वाले के लिये (अ-व्रतान्) *नियम तोडनेवालों को* (*शासत् रंधय*) शासन करते हुए दण्ड दो। तू (*शाकी भव*) *समर्थ है। तथा तू* (*यजमानस्य चोदिता*) कर्मण्य पुरुष को प्रेरणा करने वाला है (ते) ये (ता विश्वा) वे सब कर्म मैं (सधमादेषु) आनंद प्राप्तिके पुरुषार्थमें (चाकन) चाहता हूं।

हे ईश्वर! हम सबमें जो सच्चे धर्मात्मा हैं और जो दुराचारी अधार्मिक हैं तथा नियमविरुद्ध आचरण करने वाले हैं उन सबको देख लो! जो सज्जन हैं उनकी रक्षा कर और जो दुर्जन हों उनको दण्ड दो। तू ही यह सब कर्म करने के लिये समर्थ है। तू ही सब को पुरुषार्थ करने की प्रेरणा देता है और तुम्हारे ही कर्म हम सबको आनंद बढाने के कार्य में सहायकारी होते हैं, इसलिये हम सब

यह प्रार्थना कर रहे हैं।

ऐसे मंत्र मनुष्योंको भी धर्म के नियम बताते हैं इस लिये इन से जो बोध लेना उचित है वह यहां बताया जाता है—

(१) मनुष्य प्रथम सज्जन कौन हैं और दुर्जन कौन हैं इस का विचार करे, (२) उनमें पुरुषार्थी कौन हैं और नियम तोडने वाले कौन हैं यह देखे, (३) पश्चात् सज्जनों की रक्षा करे और दुर्जनों को दण्ड देवे, (४) अपना सामर्थ्य बढावे, (५) सत्कर्मी पुरुषार्थीयोंकी सहायता करे, (६) इस प्रकार व्यवहार करके जगत् में उन्नतिको प्राप्त हो।

इन आशयोंको प्रकट करने वाले इस मंत्र के ये शब्द हैं- (१) आर्यान् विजानीहि ये च दस्यवः, (२ — ३) बर्हिष्मते शासत्, अव्रतान् रन्धय, (४) शाकी भव, (५) यजमानस्य चोदिता, (६) ते ता विश्वा सधमादेषु चाकन।

पाठक इस रीतिसे मंत्रोंद्वारा अपने आचरण के लिये बोध प्राप्त करें। वेद के मंत्रोंसे मनुष्योंके व्यवहार में बोध इस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है। (३)

वधैर्दुःशंसाँ अप दूढ्यो जहि दूरे वा ये अन्ति वा के चिदत्रिणः।
अथा यज्ञाय गृणते सुगं कृध्यग्ने सख्ये मा रिषामा वयं तव।
ऋग्वेद. १। ९४। ९

हे (अग्ने) प्रकाश देनेवाले प्रभो ! (वधैः) वधके साधन-भूत शस्त्रोंसे (दुःशंसान्) दुष्ट (दूढ्य) दुर्बुद्धिवालों का (अप जहि) मार। जो (दूरे वा ये अन्ति वा) दूर हैं अथवा जो पास हों तथा (ये के च) जो कोई (अत्रिणः)सर्वभक्षक स्वार्थी हैं। उन सब को दण्ड दे। (अथा) पश्चात् (यज्ञाय गृणते) यज्ञ करनेवाले स्तोताको (सुगं कृधि) सुगम मार्ग कर। हे प्रभो ! तेरी (सख्ये) मित्रतामें (वयं मा रिषाम) हम नष्ट नहीं होंगे।

हे ईश्वर ! दुष्ट दुर्जनों को, जो पास हों या दूर हों, एकदम हम से दूर कर दे । स्वार्थी खुदगर्ज केवल अपने पेट भरने वाले ही जो हैं उनको भी योग्य दण्ड दे । तथा जो यज्ञ कर्ता है उसकी उन्नति का मार्ग सुगम कर । हे प्रभो ! हम तुम्हारी मित्रतामें रहेंगे तो कभी नष्ट नहीं होंगे ।

इस मंत्रसे व्यवहार का बोध इस प्रकार लिया जाता है-(१) दुष्टों को अपराध के योग्य दण्ड देना चाहिये, (२) स्वार्थी स्वयंभोगी लोगों को भी योग्य मार्गपर लाना चाहिये. (३) सत्कर्मी पुरुषार्थी जो हों उनकी उन्नति का मार्ग सुगम करना चाहिये, (४) जो मनुष्य ईश्वर की भक्ति करते हों उनका कभी नाश नहीं होगा । यहां पाठक देख लें कि किस वेदवाक्य का कौनसा अर्थ होता है और उससे भावार्थ तथा बोध कैसा प्राप्त किया जाता है ।

(४)

इन्द्रोतिभिर्बहुलाभिर्नो अद्य याच्छ्रेष्ठाभिर्मघवञ्छूर जिन्व ।
यो नो द्वेष्टयधरः सस्पदीष्ट यमु द्विष्मस्तमु प्राणो जहातु ॥
ऋग्वेद. ३ । ५३ । २१

हे (इन्द्र) प्रभो ! (अद्य) आजही (बहुलाभिः ऊतिभिः) अनेक रक्षणोंके साथ (नः) हमारा रक्षण कर । हे (मघवन्) धनवान् ! हे शूर ! हम सबको (श्रेष्ठाभिः) श्रेष्ठताओंके साथ (यात्) आगे (जिन्व) बढाओ । (यः नः द्वेष्टि) जो हम सब का द्वेष करता है उसको (अधरः सस्पदीष्ट) नीचे दबाओ । हम सब (यं उ द्विष्मः) जिसका द्वेष करते हैं (तं उ) उसको (प्राणः जहातु) प्राण छोड देवे ॥

हे ईश्वर ! हमारी रक्षा कर । हे ऐश्वर्यमय प्रभो ! हम सबको श्रेष्ठ गुणोंके साथ आगे बढाओ । जो अकेला हम सबका निष्कारण द्वेष करता है इस कारण जिसका हम सब द्वेष करते हैं वह हमसे दूर हो ।

सूचना।

पाठक यहा प्रथम मंत्रोंके पद अलग अलग करना सीखें। तत्पश्चात् उन पदोंका अन्वय करें। अन्वयके पश्चात स्वयं अर्थ करने का यत्न करें। और यदि अर्थ नहीं हुआ तो फिर यहा दिया हुआ अर्थ पढकर ठीक अर्थ लगावें। इस प्रकार प्रयत्न के साथ अध्ययन करेंगे तो वे बहुत उन्नति प्राप्त कर सकते हैं।

(५)

तवाहमग्न ऊतिभिर्मित्रस्य च प्रशस्तिभि ।
द्वेषोयुतो न दुरिता तुर्याम मर्त्यानाम् ॥

ऋग्वेद. ५।९।६

पद- तव। अह। अग्ने। ऊतिभि। मित्रस्य। च। प्रशस्तिभि द्वेष +युत। न। दुरिता। तुर्याम। मर्त्यानाम्।

अन्वय- हे अग्ने! मित्रस्य तव प्रशस्तिभि ऊतिभि द्वेष +युत न मर्त्याना दुरिता तुर्याम।

अर्थ- हे (अग्ने) प्रकाश देनेवाले ईश्वर! (मित्रस्य तव) तू जो मित्र उसकी (प्रशस्तिभि ऊतिभि) प्रशसनीय रक्षणों से सुरक्षित होकर (द्वेष +युत न) द्वेष युक्त लोगोंके समान अहित करनेवाल (मर्त्याना) मनुष्योंके (दुरिता तुर्याम) दुष्ट कर्मोंसे दूर होकर सुरक्षित होंग।

भावार्थ- हे ईश्वर! तू हमारा मित्र है और हमारा उत्तम सरक्षण करता है। तेरे अद्भुत संरक्षणसे युक्त होते हुए हम दुष्ट मनुष्योंके कर्तृतों से अपने आपको बचायेंगे, क्योंकि जो मनुष्य तेरी रक्षामें आगया है उसको डरानेवाला इस जगत् में कौन हो सकता है?

"अग्नि" शब्द आग का वाचक है, परतु अग्निको भी जिसने बनाया उसका भी नाम वेदमें "अग्नि" ही होता है।

" न " शब्द निषेध, नकार अर्थमें आता है, परंतु वेदमें "इव" (समान) के अर्थमें आता है।

पाठक इसप्रकार मंत्रोंके अर्थ लिखनेका यत्न करें। मंत्रोंको कंठभी करते जांय। ऐसा करने से उनको बडा लाभ हो सकता है।

पाठ ४

वैदिक स्वर।

वेदमंत्रों के अक्षरों के ऊपर और नीचे जो रेषाएं होती हैं उनको स्वर कहते हैं और उनके भेद उदात्त, अनुदात्त और स्वरित हैं इस विषयमें इससे पूर्व बताया जा चुका है। इन रेषाओं के अनुसार ऊपर अथवा नीचे आघात करके मंत्राक्षरोंका उच्चारण किया जाता है अथवा वैसा करना चाहिये, अन्यथा कभी कभी अर्थमें भी विपरीत परिणाम होता है।

उदात्त स्वर के लिये कोई चिन्ह लिखा नहीं होता है अर्थात् साधारणतया स्वरचिन्ह रहित अक्षर उदात्त समझना योग्य है। अनुदात्त स्वरका चिन्ह अक्षर के नीचे रेषा (-) ऐसी दी जाती है और स्वरित चिन्हकी रेषा अक्षरके सिरपर ऊपर खडी (।) ऐसी रहती है। प्रायः प्रत्येक शब्दमें एक स्वरको छोड कर शेष सब स्वर अनुदात्त होते हैं-

अनुदात्तं पदमेकवर्जम् ॥ अष्टाध्यायी. ६।१।१५८

" पदमें एक स्वरको छोडकर शेष स्वर अनुदात्त होते हैं।"

उदात्त का उच्च उच्चारण, अनुदात्तका नीच भागमें दबा हुआ उच्चारण और दोनों का संयुक्त उच्चारण स्वरित स्वर-का होता है-

उच्चैरुदात्त । नीचैरनुदात्त ।
समाहार स्वरित ॥ अष्टाध्यायी १ । २ । २९-३१

उदात्तका उच्चारण उच्च, अनुदात्त का नीच और स्वरित का उच्चारण मिश्रित होता है ।

यद्यपि ऐसा कहा है तथापि इससे सब बातोंका स्पष्टीकरण नहीं होता है । इस लिये इसका अधिक सुबोध विवरण करना चाहिये । पाठक स्मरण रखें कि वेदमंत्रोंका उच्चार करते समय इन स्वरचिन्होंकी ओर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है, अशुद्ध स्वरोच्चार से मंत्रका भाव बदल जाता है, इस विषय में व्याकरण शिक्षा का वचन देखने योग्य है-

मंत्रो हीन स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह । शिक्षा ४९

" स्वर और वर्णके बुरे उच्चार के कारण मंत्र अपने योग्य अर्थ को प्रकट नहीं कर सकता । " तथा-

व्याघ्री यथा हरत्पुत्रान्दंष्ट्राभ्यां न च पीडयेत ।
तद्वद्वर्णा प्रयोक्तव्या ० ॥ शिक्षा ।

' वाघणी जैसी अपने बच्चोंको अपने जबडेमें पकडकर ले जाती है, परंतु बच्चोंका दांत नहीं लगाती, उसी प्रकार संभाल कर अक्षरोंका उच्चारण करना चाहिये । '

इत्यादि सब कथन इस लिये कहा गया है कि अक्षरोंका उच्चारण योग्य रीतिसे किया जावे । इसी लिये ऐसा कहा है कि योग्य गुरुके पास से वेद सीखना चाहिये । स्वरका गलत उच्चार करने से " इन्द्रशत्रु " पद का बिलकुल उलटा अर्थ होता है, यह उदाहरण भी शिक्षाग्रंथ में इसीलिये दिया है । इत्यादि वर्णन से पाठक जान गये होंगे कि वैदिक भाषामें स्वरोंका महत्त्व कितना है ।

उदात्त अनुदात्त और स्वरित ये स्वर अथवा इनके स्वर चिन्ह केवल स्वरोंके साथ ही संबंध रखते हैं, इनका व्यंजनोंके साथ कोई संबंध नहीं है यह बात पाठकोंको विदित ही है।

प्रत्येक शब्दमें एकसे अधिक उदात्त स्वर नहीं होता है यह सर्व साधारण नियम इससे पूर्व बताया ही है। सामासिक शब्दोंमें कई स्थानोंपर एकसे अधिक उदात्त स्वर रहते हैं। येह सब बातें ध्यानमें लेनेसे शब्दोंके नऊ भेद होते हैं यह पाठकों के ध्यानमें आ जायगा। ये भेद यहां दिये हैं-

१ अंतोदात्त- जिसमें अंतभागमें उदात्त स्वर होता है। जैसा- "अ॒ग्निः"

२ आद्युदात्त- जिसमें प्रथम स्वर उदात्त होता है। जैसा- "सोमः"

३ उदात्त- केवल उदात्त स्वर युक्त शब्द। जैसा- "प्र"

४ अनुदात्त- अनुदात्त स्वर युक्त शब्द। जैसा- "वः"

५ नीच स्वरित-निम्न स्वरसे उच्चारा जानेवाला स्वरित स्वर वाला शब्द। जैसा- "वी॒र्यं"

६ मध्योदात्त- मध्य स्वर जिसमें उदात्त होता है। जैसा- "ह॒विषा"

७ स्वरित- उदात्त और अनुदात्त इन दोनों स्वरोंके धर्मों का संयोग जिसमें होता है, ऐसे स्वरयुक्त शब्द। जैसा- "स्वं"

८ द्व्युदात्त- जिसमें दो उदात्त स्वर होते हैं। जैसा-"बृह॒स्पतिः"

९ त्र्युदात्त- जिसमें तीन उदात्त स्वर होते हैं। जैसा- "इन्द्राबृह॒स्पती"

पाठ ५

इस पाठमें निम्न लिखित मंत्रों का अध्ययन कीजिये-

(१)

विशां कविं विश्पतिं शश्वतीनां नितोशनं वृषभं चर्षणीनाम्।
प्रेतीषणिमिषयन्तं पावकं राजन्तमग्निं यजतं रयीणाम्॥

ऋग्वेद. ६ । १ । ८

पद-विशां । कविं । विश्पतिं । शश्वतीनां । नि॰तोशनं । वृषभं । चर्षणीनां । प्रेति इषणिं । इषयन्तं । पावकं । राजन्तं । अग्निं । यजतं । रयीणाम्।

अन्वय-शश्वतीनां विशां कविं विश्पतिं नितोशनं चर्षणीनां वृषभं प्रेतीषणीं इषयन्तं पावकं रयीणां यजतं राजन्तं अग्निं (स्तुमः)।

अर्थ-(शश्वतीनां विशां कविं) शाश्वत प्रजाओं का कवि अर्थात् वाणीका प्रेरक, (विश्-पतिं) प्रजापालक, (नि॰तोशनं) शत्रु-नाशक (चर्षणीनां वृषभं) मनुष्योंके बलोंका वर्धक, (प्रेतीषणीं) प्रेरक (इषयन्तं) अन्नादिकी सिद्धता करने वाला (पावकं) पवित्रता करनेवाला (रयीणां यजतं) धनोंका दाता (राजन्तं अग्निं) प्रकाशमय तेज के देवकी हम प्रशंसा करते हैं॥

भावार्थ- अग्निको भी उष्णता देने वाला ईश्वर है, वह सब प्रजाओं को वाक्शक्ति देता है, वही सब का पालनकर्ता है, वही दुष्टोंको दूर करता है, वही मनुष्योंके बलोंकी वृद्धि करता है, सब को उन्नतिके मार्ग पर चलाता और सबको अन्न आदि देता है, वही सबको पवित्रता करता है और सबकी शोभा बढाता है। वही एक देव हम सबको नमस्कार करने योग्य है।

(२)

नाना ह्य १ ग्नेऽवसे स्पर्धन्ते रायो अर्य । तूर्वन्तो दस्युमायवो
व्रतै सीक्षन्तो अव्रतम् ॥ ऋग्वेद ६ । १४ । ३

पद- नाना । हि । अग्ने । अवसे । स्पर्धन्ते । राय । अर्य ।
तूर्वन्त । दस्यु । आयव ॥ व्रतै । सीक्षन्त । अव्रतम् ।

अन्वय-अग्ने ! अर्य नाना राय अवसे स्पर्धन्ते । आयव दस्युं
तुर्वन्त व्रतै अव्रत सीक्षन्त ।

अर्थ—हे (अग्ने) तेजस्विता के देव ! (अर्य) शत्रुके (नाना
राय) नाना प्रकारके धन (अवसे स्पर्धन्ते) अपनी रक्षाके
लिये बडा स्पर्धा कर रहे हैं । (आयव) मनुष्य (दस्यु) शत्रुको
(तुर्वन्त) नष्ट करते हुए अपने (व्रतै) व्रताचरणोंसे (अ-व्रत)
धर्म नियमोंका पालन न करने वाले मनुष्यका (सीक्षन्त) परा-
भूत करते हुए आगे बढते हैं ।

भावार्थ-हे ईश्वर ! शत्रुके नाना प्रकारके धन अपने बचावके
लिये प्रयत्न कर रहे हैं, परतु उनका प्रयत्न अब निष्फल है । क्यों
कि हमारे मनुष्य शत्रुका पराभव करते हुए अपने शुद्ध धर्माचरणों
से अधर्मियों को हटाते हैं । अर्थात हमारे नियम पालन करने
वाले लोगोंके सामने शत्रु ठहर नहीं सकते । हे ईश्वर ! यह
तुम्हारी हमपर बडा कृपा है ।

(३)

सुवीरंरयिमाभर जातवेदो विचर्षणे ।
जहि रक्षांसि सुक्रतो । ऋग्वेद ६ । १६ । २९

पद- सुवीर । रयिं । आ भर । जातवेद । वि चर्षणे । जहि ।
रक्षांसि । सुक्रता ।

अन्वय-हे जातवेद विचर्षणे ! सु-वीर रयिं आभर । हे सु-
क्रतो ! रक्षांसि जहि ।

अर्थ-हे (जात-वेदः) सबके ज्ञाता ! हे (विचर्षणे) सर्व साक्षी ईश्वर ! (सु वीरं रयिं) उत्तम वीरों से युक्त धन को हमें (आ भर) दो और हे (सु क्रतो) उत्तम कर्म करने वाले ! (रक्षांसि जहि) दुष्टोंका नाश कर।

भावार्थ—हे ज्ञानी सर्वसाक्षी ईश्वर ! हमें ऐसा धन दो कि जिसके साथ उत्तम वीर रहें। तथा हे उत्तम कर्म करने वाले ईश्वर ! क्रूर कर्म करने वाले दुष्टोंको दूर कर ॥

इस मंत्रमें "सु-वीरं रयिं आभर" ये शब्द प्रयोग महत्त्व रखते हैं। धन ऐसा चाहिये कि जिसके साथ वीरता भी बसती हो। अर्थात् वीरता के साथ जो धन रहता है वही सुरक्षित रहता है। जिस धनके साथ वीरता नहीं रहती वह सुरक्षित नहीं रहता। यह मंत्र बोध देता है कि अपने धनकी सुरक्षितता के लिये प्रत्येक मनुष्य अपने में वीरता बढ़ावे। अशक्त मनुष्योंका धन कोई भी छीन सकता है।

(४)

इन्द्रः सुत्रामा स्ववाँ अवोभिः सुमृळीको भवतु विश्ववेदाः।
बाधतां द्वेषो अभयं कृणोतु सुवीर्यस्य पतयः स्याम ॥

ऋग्वेद. ६ । ४७ । १२

पद-इन्द्रः । सु-त्रामा । स्व-वान् । अवोभिः। सु मृळीकः। भवतु। विश्व-वेदाः। बाधतां। द्वेषः। भयं। कृणोतु। सु वीर्यस्य। पतयः। स्याम।

अन्वय-सुत्रामा स्ववान् सुमृळीकः विश्ववेदाः इन्द्रः अवोभिः भवतु। द्वेषः बाधतां। अभयं कृणोतु। सुवीर्यस्य पतयः स्याम।

अर्थ- (सु- त्रामा) उत्तम रक्षक, (स्व-वान्) आत्मिक शक्तिसे युक्त, (सुमृळीकः) उत्तम सुख देनेवाला। (विश्व-वेदाः) सर्वज्ञ, (इन्द्रः) प्रभु अपनी (अवोभिः) संरक्षक शक्तियोंके साथ

हमारा सहायक (भवतु) होवे। वह (द्वेषः बाधतां) द्वेष करने वालों को दूर करे। (अभयं कृणोतु) हमें निर्भय करे। हम (सुवीर्यस्य पतयः स्याम) उत्तम शौर्य के स्वामी बनें।

भावार्थ— परमेश्वर हमारा उत्तम रक्षण करनेवाला है, उसमें विलक्षण आत्मिक शक्ति है, वही सबको सुख देनेवाला है और सर्वज्ञ भी वही है। वह अपनी रक्षक शक्तियों से हमारी रक्षा करे, द्वेष भाव दूर करे, हमें निर्भय करे। हम उसकी कृपासे शौर्य धैर्य वीर्यादि गुणों के स्वामी बनें।

(५)

तस्य वयं सुमतौ यज्ञियस्यापि भद्रे सौमनसे स्याम।
स सुत्रामा स्ववाँ इन्द्रो अस्मे आराच्चिद्द्वेषः सनुतर्युयोतु॥

ऋग्वेद. ६। ४७। १३

पद—तस्य। वयं। सुमतौ। यज्ञियस्य। अपि। भद्रे। सौमनसे। स्याम। सः। सु-त्रामा। स्व-वान्। इन्द्रः। अस्मे। आरात्। चित्। द्वेषः। सनुतः। युयोतु॥

अन्वय— तस्य यज्ञियस्य सुमतौ भद्रे सौमनसे च वयं स्याम। सः सुत्रामा स्ववान् इन्द्रः अस्मे आरात् चित् द्वेषः सनुतः युयोतु॥

अर्थ— (तस्य यज्ञियस्य) उस पूजनीय परमेश्वर की (सुमतौ भद्रे सौमनसे च) सुमति और उत्तम मन के अंदर (वयं स्याम) रहेंगे। अर्थात् हम ऐसा आचरण करेंगे कि हमारे विषय में उसका मन सदा प्रसन्न रहेगा। (सः) वह (सु-त्रामा) उत्तम रक्षक और (स्ववान्) आत्म शक्तिसे युक्त (इन्द्रः) प्रभु है वह (अस्मे आरात् चित्) हमारे पाससे और दूरसे भी (द्वेषः) द्वेष करनेवाले शत्रुओंको (सनुतः) अंदर ही अंदरसे (युयोतु) नष्ट करे॥

भावार्थ- परमेश्वर परम पूज्य है। हम ऐसा आचरण करेंगे कि उसका मन हमारे विषयमें सदा प्रसन्न रहेगा और उसकी दया हमपर बरसती रहेगी। वह प्रभु ही हमारा उत्तम रक्षक, अप्रतिम आत्मिक बलसे युक्त और सबसे श्रेष्ठ है। इस लिये हम उस की प्रार्थना करते हैं कि वह हमारे सब शत्रुओंको दूर भगा देवे।

सूचना।

पाठक इस प्रकार पद अन्वय पदार्थ और भावार्थ स्वयं करने का यत्न करें। यदि यत्न करनेपर न बना तब उतनी ही सहायता यहा के पद पदार्थोंसे लें। यदि पाठक इस प्रकार स्वावलंबन करते जायगे तो उनकी वेदमंत्रो का अर्थ बनानेमें बडी उन्नति होगी।

पाठ ६

वैदिक स्वर।

भगवान पाणिनिमुनिने अपने धातुपाठमें करीब दो हजार धातु दिये हैं और ये धातु दस गणोंमें विभक्त किये हैं। इन धातुओंमें कौनसा धातु उदात्त और कौनसा अनुदात्त है यह सब उन्होंने दे रखा है।

इसी प्रकार शब्द सिद्धिके प्रत्यय भीउदात्त अनुदात्त या स्वरित, जैसे हैं वैसे बताये हैं।

धातु और प्रत्यय से शब्द बनता है। इसलिये धातु का स्वर और प्रत्ययका स्वर यदि विदित हुआ तो शब्द का स्वर समझमें आनेमें कोई रुकावट नहीं हो सकती। बहुतसे स्वर इस रीतिसे स्वयं निश्चित हो जाते हैं। देखिये-

अग् + नि = अग्नि
वह् + नि = वह्नि

ये शब्द सिद्ध हुए। इनमें "अग् और वह्" ये दोनों धातु उदात्त हैं तथा "नि" प्रत्यय भी उदात्त ही है। अर्थात् यहां धातु और प्रत्यय भी उदात्त ही हैं। इसलिये यह शब्द केवल उदात्त ही होना चाहिये था, परंतु यहां और एक नियम ऐसा है कि प्रातिपदिक- शब्द- का अंत्य स्वर उदात्त रहता है, इस नियम के अनुसार इन शब्दोंका अंतिम स्वर उदात्त रहा और "अग्नि" वह्नि." ये शब्द स्वरसहित इस प्रकार बन गये। यद्यपि इन शब्दोंके केवल पद स्थितिमें ये ऐसे स्वर होते हैं तथापि जिस समय इनका उपयोग मंत्रोंमें होता है उस समय भी आगे पीछेके शब्दोंके संबंध से इन स्वरोंमें परिवर्तन हुआ करता है। इसी कारण शब्द मंत्रमें रहने के समय उसका स्वर अन्य होता है और मंत्रके पद लिखनेके समय उसका स्वर अलग होता है। यह सब बात स्पष्ट रीतिसे दर्शानेके लिये एक मंत्र यहां लेते हैं-

अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम् ।
होतारं रत्नधातमम् ॥

ऋग्वेद० १ । १ । १

यह मंत्र ऋग्वेद का प्रथम मंत्र है। अब इसके पद देखिये-

अग्निम् । ईळे । पुरः ऽ हितम् । यज्ञस्य । देवम् ।
ऋत्विजम् । होतारम् । रत्नऽधातमम् ॥

पाठक मंत्र के स्वर और पदों के स्वरोंमे जो फरक हुआ है. वह यहां देखें। पद पाठके पदोंके स्वर मंत्रमें आनेपर बदलते हैं। इस विषयका विचार यह है-

१ " अग्नि " शब्द पहिला है। इसका " अग् " धातु उदात्त है, " नि " प्रत्यय भी उदात्त है। परंतु उदात्त धातुके परे उदात्त प्रत्यय आनेसे शब्द " अन्त्योदात्त " बन गया। अर्थात् पहिला स्वर अनुदात्त बना और अन्त्यस्वर उदात्त रहा और " अग्नि " यह रूप बन गया।

२ " ईळे" क्रियापद है, क्रियापद प्रायः अनुदात्त ही होते हैं। इस नियमको अपवाद भी हैं, उस का विचार पीछेसे किया जायगा।

३ " पुरः हितम् " इस पदमें पु अनुदात्त है, रः उदात्त है, हि स्वरित है और त अनुदात्त है। यह अनुदात्त होते हुए भी त अक्षरके नीचे रेषा नहीं है, इसका कारण यह है कि यह त स्वरित स्वर के पश्चात् आगया है और बीचमें और कुछ भी नहीं है। इसका नियम यह है कि- स्वरित स्वर के पश्चात् यदि, अनुदात्त स्वर आगया तो वह उदात्ततर किंवा सन्नतर कहलाता है और उसके लिये कोई चिन्ह नहीं होता है। इसका नाम एकश्रुति भी होता है।

४ " यज्ञस्य " इस पदमें " य और स्य " ये वस्तुतः अनुदात्त हैं, परंतु अनुदात्तका चिन्ह य के नीचे है और स्य के नीचे वैसा चिन्ह नहीं है। उदात्त के पीछे अनुदात्त आगया तो वह स्वरित होता है, इस नियमके अनुसार स्य स्वरित बन गया है।

५ " देवम् " शब्दमें दे अनुदात्त है और उसका चिन्ह उसके नीचे है। व उदात्त है, उदात्तके लिये कोई चिन्ह नहीं होता, यह पाठक जानते ही हैं।

६ " ऋत्विजम् " इसमें " यज्ञस्य " के अनुसार ही समझना चाहिये। अर्थात् ऋ अनुदात्त, ज भी अनुदात्त है, परंतु वह उदात्त त्वि के पीछे आनेसे स्वरित बन गया है।

७ " होतारम् " इस पदमें हो उदात्त है, ता अनुदात्त है, परंतु वह उदात्तके पश्चात् आनेसे पूर्ववत् स्वरित बन गया है और इसके पीछेका र अनुदात्त है, परंतु यह अनुदात्तके पीछे आनेसे इसको अनुदात्ततर कहा जाता है।

८ " रत्न - धा - तमम् " यह शब्द है, इसमें रत्न ये दो अनुदात्त हैं। धा उदात्त है। इस उदात्तके पश्चात् अनुदात्त त आगया है इसलिये उदात्त के पीछे आनेवाला अनुदात्त स्वरित होता है, इस नियमके अनुसार वह त स्वरित हुआ है और उसके पश्चात् का म अनुदात्ततर हुआ, वास्तवमें यह अनुदात्त ही है।

यहां तक पदों के स्वरोंके विषयमें विवरण हुआ। यह विवरण पाठक वारंवार पढें और जब तक ठीक समझमें आ जावे तब तक मननपूर्वक पढते जांय। ऐसा करने से ही यह विषय ठीक समझमें आ सकता है। अब पुनः दृढीकरणार्थ स्वरोंके नियम यहां देते हैं--

१ स्वरोच्चारणमें कालमर्यादाके न्यून और अधिक होनेसे स्वरके " ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत " ये तीन भेद होते हैं।

२ स्वर के आघात के भेद से उदात्त, अनुदात्त और स्वरित ये भेद होते हैं, उदात्त का आघात मुखके उच्च भागमें, अनुदात्त का नीच भागमें और स्वरित का दोनों भागोंमें होता है।

३ अनुदात्त स्वर का चिन्ह अक्षरके नीचे रेषासे बताया जाता है। उदात्त के लिये कोई चिन्ह नहीं है और स्वरित का चिन्ह अक्षर के सिरपर खडी रेषा से बताया जाता है।

४ प्रायः शब्द में एक स्वरको छोड कर शेष सब स्वर अनुदात्त होते हैं।

५ शब्दमें यदि एक ही स्वर रहा तो वह प्रायः उदात्त होता है।

६ वेदके शब्द यौगिक हैं अर्थात् वे धातु और प्रत्यय लगकर बने हैं।

७ धातुके स्वर धातुपाठमें बताये हैं और प्रत्ययके स्वर व्याकरणमें बताये हैं। दोनों के मेलसे शब्दका स्वर बहुत करके निश्चित होता है।

८ प्रायः पद का अन्त्य स्वर उदात्त रहता है।

९ साथ साथ दो स्वरित चिन्ह (अर्थात् सिरपर खडी रेषा के चिन्ह) कभी नहीं आते। अनुदात्तके चिन्ह साथ साथ अधिक भी आते हैं।

१० उदात्त के परे उदात्त आनेसे अन्त्य उदात्त रहता है और पीछे का अनुदात्त बनता है।

११ सब क्रियापद प्रायः अनुदात्त होते हैं।

१२ स्वरित के परे अनुदात्त आगया तो उस अनुदात्त के लिये नीचे स्वर चिन्ह नहीं लगाया जाता।

१३ उदात्त के पीछे अनुदात्त आगया तो वह स्वरित बन जाता है।

इस समय तक इतने नियम दिये हैं। येह सब नियम विवरण के साथ और उदाहरणके साथ दिये हैं। इस लिये पाठक इनका मननपूर्वक अभ्यास करेंगे तो यह स्वर की बात उनके ध्यानमें आजायगी। आशा है कि पाठक इस का अध्ययन विशेष प्रयत्नके साथ करेंगे।

पाठ ७

इस पाठमें निम्न लिखित मंत्रोंका अध्ययन कीजिये-

(१)

पाहि नो अग्ने रक्षसो अजुष्टात्पाहि धूर्तेररुषो अघायोः।
त्वा युजा पृतनायूँ रभि ष्याम्॥ ऋग्वेद ७। १। १३

पद— पाहि। नः। अग्ने। रक्षसः। अ-जुष्टात्। पाहि। धूर्तेः। अररुषः। अघ-आयोः। त्वा। युजा। पृतना-यून्। अभि। स्याम्॥

अन्वय-हे अग्ने! अजुष्टात् रक्षस' नः पाहि। अररुषः धूर्तेः अघायो नः पाहि। त्वा युजा पृतनायून् अभिष्याम्॥

अर्थ- हे (अग्ने) तेजस्वी ईश्वर! (अजुष्टात्) हीन (रक्षसः) राक्षसों से (नः पाहि) हम सब की रक्षा करो॥ (अररुषः धूर्तेः) अनुदार धूर्त (अघ-आयोः) पापीसे हमारा (पाहि) बचाव कर। (त्वा युजा) तेरे साथ रहते हुए हम (पृतनायून्) सेना लेकर चढाई करने वाले शत्रुका (अभिष्याम) हम पराभव करेंगे॥

भावार्थ-हे ईश्वर! दुष्ट, दुर्जन, धूर्त, धोखेबाज, पापी इस प्रकार के लोगोंसे हमारा बचाव कर। तेरी कृपा हमपर रही तो हम सब प्रकारके शत्रुओं का पराभव कर सकेंगे।

(२)

यत इन्द्र भयामहे ततो नो अभयं कृधि। मघवञ्छग्धि तव
तन्न ऊतिभिर्वि द्विषो वि मृधो जहि॥ ऋग्वेद. ८। ६१।१३

पद-यतः। इन्द्र। भयामहे। ततः। नः। अभयं। कृधि। मघ-वन्। शग्धि। तव। तत्। नः। ऊतिभिः। वि। द्विषः। वि। मृधः। जहि।

अन्वय- हे इन्द्र! यतः भयामहे, ततः नः अभयं कृधि। हे मघवन्! शग्धि। तव ऊतिभिः नः द्विषः मृधः च वि वि जहि।

अर्थ- हे (इन्द्र) प्रभो! (यतः भयामहे) जहांसे हमें भयों होता है (ततः) वहांसे (नः) हमारे लिये (अभयं कृधि) अभय कर। हे (मघवन्) धनसंपन्न प्रभो! तू शग्धि शक्तिमान हो, इसलिये (तव ऊतिभिः) तेरी रक्षाकी शक्तियों द्वारा (नः द्विषः) हमारे द्वेषकर्ताओं का तथा हमारे (मृधः) हिंसक का (वि वि जहि) विशेष पराभव कर।

भावार्थ- हे परमेश्वर! हमें निर्भय कर, किसी भी दिशा से हमें भय प्राप्त न हो। तू समर्थ है इसलिये तेरी रक्षाकी शक्तियों द्वारा हम सुरक्षित हो गये तो हमें किसी सेभी भय नहीं हो सकता। क्यों कि तूही हमारे शत्रुओं, द्वेषकर्ताओं और हिंसकों का नाश करेगा और तेरी रक्षासे सुरक्षित होकर हम सदा विजयी होते रहेंगे।

(३)

त्वं नः पश्चादधरादुत्तरात्पुर इन्द्र नि पाहि विश्वतः। आरे अस्मत्कृणुहि दैव्यं भयमारे हेतीरदेवीः॥ ऋग्वेद. ८। ६१। १६

पद- त्वं। नः। पश्चात्। अधरात्। उत्तरात्। पुरः। इन्द्र। नि। पाहि। विश्वतः। आरे। अस्मत्। कृणुहि। दैव्यं। भयं। आरे। हेतीः। अदेवीः।

अन्वय- हे इन्द्र! त्वं पश्चात्, अधरात्, उत्तरात्, पुरः च विश्वतः च नि पाहि। दैव्यं भयं अस्मत् आरे कृणुहि। अदेवीः हेतीः आरे॥

अर्थ- हे (इन्द्र) प्रभो! (त्वं) तू (पश्चात्, अधरात्, उत्तरात्) पीछेसे, नीचेसे, ऊपरसे (पुरः विश्वतः च) आगेसे और सब ओर से हमारी (नि पाहि) रक्षा कर। तथा (दैव्यं भयं) दैविक भयको (अस्मत् आरे) हम सबसे दूर (कृणुहि)

कर तथा (अदेवीः हेतीः) राक्षसी शस्त्र भी हम सबसे (आरे) दूर रहें।

भावार्थ— हे ईश्वर ! तू हम सबका सब ओर से रक्षण कर, हमें सब ओर से निर्भय बना। विद्युत्पात, अवर्षण आदि दैवी आपत्ति हम सबसे दूर रहे और अन्य विपत्तियां भी हमसे दूर रहें।

(४)

यदिन्द्र ब्रह्मणस्पतेऽपि मृषा चरामसि।
प्रचेता न आंगिरसो दुरितात्पात्वंहसः॥ अथर्व० ६।४५।२

पद— यत्। इन्द्र। ब्रह्मणस्पते। अपि। मृषा। चरामसि। प्रचेता। नः। आंगिरसः। दुरितात्। पातु। अंहसः।

अन्वय— हे इन्द्र! ब्रह्मणस्पते! यत् अपि मृषा चरामसि दुरितात् अंहसः आंगिरसः प्रचेताः नः पातु॥

(५)

त्वं विश्वस्य मेधिर दिवश्च ग्मश्च राजसि।
स यामनि प्रति श्रुधि॥ ऋग्वेद. १।२५।२०

पद— त्वं। विश्वस्य। मेधिर। दिवः। च। ग्मः। च। राजसि। सः। यामनि। प्रति। श्रुधि॥

अन्वय— हे मेधिर! त्वं विश्वस्य दिवः ग्मः च राजसि। स त्वं यामनि प्रति श्रुधि॥

अर्थ—हे (मेधिर) बुद्धि प्रदाताः ईश्वर ! (त्वं) तू (विश्वस्य दिवः ग्मः च) सब द्युलोक और भूमिका (राजसि) राजा है। वह तू हमारी (यामनि प्रतिश्रुधि) प्रार्थना श्रवण कर।

भावार्थ— हे बुद्धिप्रदाता ईश्वर ! तूही संपूर्ण जगत् का सच्चा एक राजा है। वह तू हमारी प्रार्थना श्रवण कर।

(६)

स नो दूराच्चासाच्च नि मर्त्यादघायोः ।
पाहि सदमिद्विश्वायुः । ऋ. १ । २७ । ३

पद— सः । नः । दूरात् । च । आसात् । च । नि । मर्त्यात् । अघायोः । पाहि । सदं । इत् । विश्व-आयुः ।

अन्वय— हे ईश्वर ! सः त्वं दूरात् च आसात् च अघायोः मर्त्यात् विश्वायुः सदं इत् नः नि पाहि ।

अर्थ— हे ईश्वर ! (सः त्वं) वह तू (दूरात् च आसात् च) दूरसे और पाससे (अघ-आयोः मर्त्यात्) पापी मनुष्य से (विश्व-आयुः सदं इत्) सब आयुभरमें सदा सर्वदा (नः) हम सबकी (नि पाहि) रक्षा कर ।

(७)

त्वं हि नः पिता वसो त्वं माता शतक्रतो बभूविथ ।
अधा ते सुम्नमीमहे ॥ ऋग्वेद. ८ । ९८ । ११

पद— त्वं । हि । नः । पिता । वसो । त्वं । माता । शत-क्रतो । बभूविथ । अधा । ते । सुम्नं । ईमहे ॥

अन्वय— हे वसो शतक्रतो ! त्वं हि नः पिता च त्वं माता बभूविथ । अधा ते सुम्नं ईमहे ।

अर्थ— हे (वसो) सबके निवासक (शतक्रतो) सैंकडों सत्कृत्य करने वाले ईश्वर ! (त्वं हि नः पिता) तू हि हमारा पिता और (त्वं माता बभूविथ) तू माता होता है । (अधा) इसलिये हम सब (ते सु-म्नं)तेरे उत्तम विचार को (ईमहे) प्राप्त करते हैं ।

भावार्थ— हे ईश्वर ! तू ही हम सबका पिता और माता है, इसलिये तेरी दया ही हम चाहते हैं ।

सूचना ।

पाठक इस प्रकार मंत्रोंके अर्थ लगानेका यत्न करें । इस ढंगसे प्रयत्न करनेसे उनको मंत्रार्थ लगाने में प्रगति शीघ्र हो सकती है। जहां तक हो सकता है वहां तक यत्न करके पाठक मंत्रों को कण्ठ करनेका भी पुरुषार्थ करें ।

पाठ ८

वैदिक स्वर ।

पूर्व पाठोंमें बहुत सा वैदिक स्वरोंका विचार हुआ है । प्रत्येक पदके स्वरका भी विचार किया है । अब वेही पद मंत्रमें किस प्रकार आगये और उनके स्वर किस कारण बदले हैं इसका विचार करना है । देखिये वही मंत्र--

अ॒ग्निमी॑ळे पु॒रोहि॑तं य॒ज्ञस्य॑ दे॒वमृ॒त्विज॑म् ।
होता॑रं रत्न॒धात॑मम् ॥ ऋग्वेद १।१।१

१ इसमें पहिला अ अनुदात्त है और उसका चिन्ह उसके नीचे आया है ।

२ दूसरा अक्षर ग्नि उदात्त है इसलिये उसको कोई चिन्ह नहीं है ।

३ तीसरा अक्षर मी है । यह वास्तवमें अनुदात्त है, परंतु यह उदात्त के पश्चात् आगया है, इसलिये नियमानुसार स्वरित हुआ । (नियम १३ देखिये) इस नियमके अनुसार स्वरित होने के कारण इसके सिर पर स्वरितका चिन्ह खडी रेषा आगया है ।

४ चतुर्थ अक्षर ळे अथवा डे अनुदात्त है, परंतु यह अनुदात्त के पश्चात् आया है इसलिये इसको अनुदात्ततर कहते हैं। अनुदात्त होनेसे इसके लिये कोई चिन्ह नहीं है।

५ पंचम अक्षर पु अनुदात्त है और उसका चिन्ह उसके नीचे है। यह अक्षर भी पूर्व नियमानुसार अनुदात्त के पीछे आनेके कारण अनुदात्ततर होना चाहिये था, परंतु उसके परे री उदात्त आनेके कारण पु अक्षर उदात्त ही रहा है।

६ छठां अक्षर रो उदात्त है, इसलिये उसके साथ कोई चिन्ह नहीं लगा।

७ सातवां अक्षर हि पूर्ववत् स्वरित हुआ है जिसका चिन्ह उसके सिर पर खडा है।

८ आठवां अक्षर तं पूर्ववत् अनुदात्ततर है। इसलिये उसका कोई चिन्ह नहीं है।

९ नवम अक्षर य अनुदात्त है जिसका चिन्ह उसके नीचे है।

१० दशम अक्षर ज्ञ उदात्त है इसलिये उसका कोई चिन्ह नहीं है।

११ ग्यारहवां अक्षर स्य स्वरित है उसका स्वरित चिन्ह उसके सिरपर खडा है।

१२ बारहवां अक्षर दे अनुदात्त है। स्य स्वरितके आगे दे अनुदात्त आनेसे वास्तवमें वह अनुदात्ततर होना चाहिये था, परंतु उसके आगे उदात्त व आनेके कारण वह अनुदात्त ही रहा और उसको अनुदात्तका नीचे चिन्ह लगा है।

१३ तेरहवां अक्षर व उदात्त है, इसलिये उसको कोई चिन्ह नहीं है।

१४ चौदहवां अक्षर मृ अनुदात्त है। उदात्त व के आगे आनेके कारण पूर्वोक्त स्य के समान स्वरित होना चाहिये था। परंतु आगे

उदात्त अक्षर त्वि आनेके कारण स्वरित नहीं बना और अनु-दात्त ही रहा, इसलिये उसके नीचे स्वर आगया है।

१५ पंद्रहवां अक्षर त्वि उदात्त है। इस कारण उसके लिये कोई स्वर चिन्ह उसके साथ नहीं है।

१६ सोलहवां अक्षर ज अनुदात्त है, परंतु वह उदात्तके पीछे आनेसे स्वरित चिन्ह उसके सिर पर लग गया है।

१७ सतरहवां अक्षर हो है। यह उदात्त है, इसलिये कोई चिन्ह उसको नहीं लगा।

१८ अठारहवां अक्षर ता अनुदात्त है परंतु यह उदात्तके पीछे आनेके कारण स्वरित बना है। जिस कारण उसके सिरपर स्वर लगा है।

१९उन्नीसवां अक्षर र अनुदात्त है परंतु यह पूर्वोक्त प्रकार अनुदात्ततर हुआ है और इसकारण उसको कोई स्वरचिन्ह नहीं लगा।

२० बीसवां र भी उसी प्रकार अनुदात्ततर है।

२१ इक्कीसवां त्न अनुदात्त है, आगे धा उदात्त आनेके कारण इसके नीचे स्वर चिन्ह लगा है।

२२ बाइसवां अक्षर धा उदात्त है, इसलिये चिन्ह रहित है।

२३ तेईसवां अक्षर त पूर्वोक्त कारण ही स्वरित बना और उसका चिन्ह उसके सिरपर खडा रहा।

२४ चोवीसवॉ अक्षर म पूर्वोक्त प्रकार ही अनुदात्ततर है इसलिये उसको कोई स्वर चिन्ह नहीं लगा।

इस विवरण से पाठकों को पता लग जायगा कि स्वरित स्वर कहां बनता है और अनुदात्ततर कहां होता है।

समास में स्वर

समास में स्वरोंका कुछ हेर फेर होता है। इसविषय का सामान्य नियम ऐसा है--

१ पद में एक स्वर को छोड कर सब अन्य स्वर अनुदात्त होते हैं। इसलिये समासमें संमिलित हुए पदों के कैसे भी स्वर हुए तो भी उनका समास बनने पर उनमेंसे एक का ही उदात्त अवशिष्ट रहता है और शेष स्वर अनुदात्त होते हैं।

२ समासों में सामान्यतः नियम यह है कि अन्य समासों में उत्तर पद अपना स्वर स्थिर रखता है और पिछले पद के स्वर अनुदात्त होते हैं तथा बहुव्रीहि समास में ही पूर्वपद अपना स्वर स्थिर रखता है और पिछले पदों के स्वर अनुदात्त बन जाते हैं।

३ तत्पुरुष समासों में भी प्रायः पूर्ववत होता है।

४ कृदन्त और उत्तरपद समासों में भी पूर्वपद का उदात्त स्थिर रहता है और उत्तर पद का स्वर बदल जाता है।

पूर्वोक्त मंत्रमें "पुरो-हितं" और "रत्न-धा-तमं" ये पद समास हैं। पूर्वोक्त नियमों के अनुसार "पुरः" शब्दका उदात्त बदला नहीं, परंतु "हितं" पद ही अनुदात्त रहा। वस्तुतः "पुरः" और "हितं" ये दोनों शब्द अन्तोदात्त हैं तथापि पूर्वोक्त नियम के अनुसार पहिले पद का स्वर स्थिर रहा और दूसरे पद के सब स्वर अनुदात्त बने, परंतु उदात्त के पीछे अनुदात्त आने से 'हि" स्वरित चिन्ह वाला बन गया।

"रत्न-धा-तमं" शब्दमें तीन भाग हैं। इसमें पहिला "रत्न" शब्द आद्युदात्त है, परंतु आगे धा धातु आनेसे और उपपद पूर्व तत्पुरुष समास बनने से रत्नधा शब्द अन्तोदात्त बनगया और "तम" प्रत्यय स्वयं अनुदात्त है, इस के त का स्वरित पूर्व नियम के अनुसार बन गया और म अनुदात्ततर हो गया। इस के नियम पहिले बताये ही हैं।

अब और नियम देखिये—

(१) संबोधन के शब्द तथा क्रियापद के शब्द वाक्यों में प्रायः

अनुदात्त रहते हैं। परंतु यदि ये वाक्य के या मंत्रपादके प्रारंभ में आगये तो उसके स्वर अन्य नियमानुसार हो जाते हैं।

(२) उदात्त और अनुदात्त स्वरोंके संधि होनेपर उदात्त स्वर की प्रधानता रहती है। जैसा — "आ + इह" इस का संधि उदात्त स्वरयुक्त "एहि" ऐसा होता है।

इस प्रकार सामान्य नियम हैं। पाठक यदि इनका विचार वारंवार मनन करके करेंगे तो उनको स्वर विषयक अत्यावश्यक ज्ञान प्राप्त होगा। यह विषय थोडा कठिण है तथापि यहां अति-सुगम बनाकर लिख दिया है, वारंवार पढनेसे पाठकों के समझमें आ जायगा।

पाठ ९

इस पाठ में निम्न लिखित मंत्रों का अभ्यास कीजिये-

(१)

नकिरस्य सहन्त्य पर्येता कयस्य चित्।
वाजो अस्ति श्रवाय्यः॥ ऋग्वेद १।२७।८

पद - नकिः। अस्य। सहन्त्य। पर्येता। कयस्य। चित्। वाजः। अस्ति। श्रवाय्यः।

अन्वय - हे सहन्त्य! वाजः श्रवाय्यः अस्ति। अस्य कयस्य चित् पर्येता नकिः।

अर्थ - हे (सहन्त्य) बलवान् ईश्वर! तेरा (वाजः) बल (श्रवाय्यः अस्ति) प्रशंसनीय है (अस्य कयस्य चित्) इस का (पर्येता) उल्लंघन करनेवाला (नकिः) कोई भी नहीं है।

भावार्थ - परमेश्वर सब बलवानों में बलवान है इस लिये उसकी शक्ति प्रशंसाके योग्य है। इसको उल्लांघने वाला अर्थात् इसकी शक्ति को दबानेवाला कोई नहीं है।

(२)

न यस्य देवा देवता न मर्ता आपश्चन शवसो अन्तमापुः।
स प्ररिक्वा त्वक्षसा क्ष्मो दिवश्च मरुत्वान्नो भवत्विन्द्र ऊती॥
ऋग्वेद १।१००।१५

पद न। यस्य। देवा। देवता। न। मर्ता। आप। च। न। शवस। अन्त। आपु। स। प्ररिक्वा। त्वक्षसा। क्ष्म। दिव। च। मरुत्वान्। न। भवतु। इन्द्र। ऊती।

अन्वय यस्य शवस अन्त देवा देवता न, मर्ता न, आपः च न आपु, स मरुत्वान् इन्द्र दिव क्ष्म च वक्षसा परिक्वा न ऊती भवतु।

अर्थ (यस्य शवस) जिस ईश्वरके बलका (अन्त) अन्त देव या देवता (न) न प्राप्त कर सकते, (मर्ता न) मनुष्य भी न प्राप्त कर सकते तथा (आप च न आपु) जल भी नहीं प्राप्त कर सकते। (स मरुत्वान् इन्द्र) वह प्राण शक्तिसे युक्त इन्द्र (दिव क्ष्म च) द्युलोक और पृथ्वी लोक को (त्वक्षसा परिक्वा) बलसे पूरित करने वाला ईश्वर (न ऊती भवतु) हम सबका रक्षण करने वाला होवे।

भावार्थ परमेश्वर की शक्ति इतनी अगाध है कि उस शक्ति का अंत कोई देव देवता मनुष्य या अन्य कोई भी नहीं पा सकता। वह जीवनशक्ति से परिपूर्ण ईश्वर जो कि द्युलोक और पृथ्वि लोक को अपनी शक्तिसे परिपूर्ण कर रहा है, वह हम सब का उत्तम रक्षा करे।

(३)

प्र तुविद्युम्नस्य स्थविरस्य घृष्वेर्दिवो ररप्शे
महिमा पृथिव्याः। नास्य शत्रुर्न प्रतिमानमस्ति
न प्रतिष्ठिः पुरुमायस्य सह्योः॥ ऋग्वेद ६।१८।१२

पद— प्र । तुवि-द्यु--म्नस्य । स्थविरस्य । घृष्वेः । दिवः । ररप्शे । महिमा । पृथिव्याः । न । अस्य । शत्रुः । न । प्रतिमानम् । अस्ति । न । प्रतिष्ठिः । पुरुमायस्य । सह्योः ।

अन्वय– तुविद्युम्नस्य स्थविरस्य घृष्वेः महिमा दिवः पृथिव्याः प्र ररप्शे । न अस्य शत्रुः । न प्रतिमानं अस्ति । पुरुमायस्य सह्योः प्रतिष्ठिः न ।

अर्थ– (तुवि- द्युम्नस्य) अत्यंत तेजस्वी (स्थविरस्य) स्थिर अथवा पुराण पुरुष और (घृष्वेः) दुष्टताको पीसनेवाले ईश्वर की (महिमा) महिमा (दिवः पृथिव्याः) द्युलोक और पृथिवी लोक के भी (प्र ररप्शे) बाहर फैला है। (न अस्य शत्रुः) इसका कोई शत्रु नहीं है, (न अस्य प्रतिमानं) न इसकी कोई प्रतिमा या उपमा है । इस (पुरु-मायस्य) अनंत प्रज्ञावाले और (सह्योः) शक्तिवाले ईश्वर के लिये भी कोई दूसरा (प्रतिष्ठिः न) आधार नहीं है। अर्थात् यही सब का आधार है ।

भावार्थ–ईश्वर अत्यंत तेजस्वी दुष्टता का नाश करनेवाला और बडा पुराण पुरुष है। उसकी महिमा सब जगत् में फैली है। इसका कोई शत्रु नहीं और ना ही इसकी कोई उपमा है। इस अनंत शक्ति वाले ईश्वरको छोडकर और कोई दूसराआधार किसीकोनहींहै।

(४)

स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव ।
सचस्वा नः स्वस्तये ॥ ऋग्वेद १ । २६ । ३

पद– सः । नः । पिता । इव । सूनवे। अग्ने । सु- उपायनः। भव। सचस्व । नः । स्वस्तये ।

अन्वय– हे अग्ने! सः त्वं सूनवे पिता इव नः सूपायनः भव । नः स्वस्तये सचस्व ।

अर्थ– हे (अग्ने) प्रकाश देनेवाले प्रभो! (सः त्वं) वह तू (सूनवे

(२)

न यस्य देवा देवता न मर्ता आपश्चन शवसो अन्तमापुः ।
स प्ररिक्वा त्वक्षसा क्ष्मो दिवश्च मरुत्वान्नो भवत्विन्द्रऊती॥
ऋग्वेद १।१००।१५

पद- न । यस्य । देवाः । देवताः। न । मर्ताः। आपः । च । न । शवसः। अन्तं । आपुः । सः । प्ररिक्वा । त्वक्षसा । क्ष्मः । दिवः । च । मरुत्वान् । नः ।भवतु । इन्द्रः । ऊती ।

अन्वय -- यस्य शवसः अन्तं देवाः देवताः न, मर्ताः न, आपः च न आपुः, स मरुत्वान् इन्द्रः दिवः क्ष्म: च त्वक्षसा परिक्वा नः ऊती भवतु ॥

अर्थ - (यस्य शवसः) जिस ईश्वरके बलका (अन्तं) अन्त देव या देवता (न) न प्राप्त कर सकते, (मर्ता न) मनुष्य भी न प्राप्त कर सकते तथा (आप: च न आपुः) जल भी नहीं प्राप्त कर सकते । (सः मरुत्वान् इन्द्रः) वह प्राण शक्तिसे युक्त इन्द्र (दिवः क्ष्मः च)द्युलोक और पृथ्वी लोक को (त्वक्षसा परिक्वा) बलसे पूरित करने वाला ईश्वर (नः ऊती भवतु) हम सबका रक्षण करने वाला होवे ।

भावार्थ - परमेश्वर की शक्ति इतनी अगाध है कि उस शक्ति का अंत कोई देव देवता मनुष्य या अन्य कोई भी नहीं पा सकता। यह जीवनशक्ति से परिपूर्ण ईश्वर जो कि द्युलोक और पृथ्वि लोक को अपनी शक्तिसे परिपूर्ण कर रहा है, वह हम सब की उत्तम रक्षा करे ।

(३)

प्र तुविद्युम्नस्य स्थविरस्य घृष्वेर्दिवो ररप्शे
महिमा पृथिव्याः । नास्य शत्रुर्न प्रतिमानमस्ति
न प्रतिष्ठिः पुरुमायस्य सह्योः ॥ ऋग्वेद ६।१८।१२

पद— प्र । तुवि-द्यु-म्नस्य । स्थविरस्य । घृष्वेः । दिवः । ररप्शे । महिमा । पृथिव्याः । न । अस्य । शत्रुः । न । प्रतिमानम् । अस्ति । न । प्रतिष्ठिः । पुरुमायस्य । सह्योः ।

अन्वय- तुविद्युम्नस्य स्थविरस्य घृष्वेः महिमा दिवः पृथिव्याः प्र ररप्शे । न अस्य शत्रुः । न प्रतिमानं अस्ति । पुरुमायस्य सह्योः प्रतिष्ठिः न ।

अर्थ- (तुवि- द्युम्नस्य) अत्यंत तेजस्वी (स्थविरस्य) स्थिर अथवा पुराण पुरुष और (घृष्वेः) दुष्टताको पीसनेवाले ईश्वर की (महिमा) महिमा (दिवः पृथिव्याः) द्युलोक और पृथिवी लोक के भी (प्र ररप्शे) बाहर फैला है। (न अस्य शत्रुः) इसका कोई शत्रु नहीं है, (न अस्य प्रतिमानं) न इसकी कोई प्रतिमा या उपमा है । इस (पुरु-मायस्य) अनंत प्रज्ञावाले और (सह्योः) शक्तिवाले ईश्वर के लिये भी कोई दूसरा (प्रतिष्ठिः न) आधार नहीं है। अर्थात् यही सब का आधार है।

भावार्थ-ईश्वर अत्यंत तेजस्वी दुष्टता का नाश करनेवाला और बडा पुराण पुरुष है। उसकी महिमा सब जगत् में फैली है। इसका कोई शत्रु नहीं और ना ही इसकी कोई उपमा है। इस अनंत शक्ति वाले ईश्वरको छोडकर और कोई दूसराआधार किसीकोनहींहै।

(४)

स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव ।
सचस्वा नः स्वस्तये ॥ ऋग्वेद १ । २६ । ३

पद- स । न । पिता । इव । सूनवे। अग्ने । सु- उपायनः। भव। सचस्व । नः । स्वस्तये ।

अन्वय- हे अग्ने! सः त्वं सूनवे पिता इव नः सुपायनः भव । नः स्वस्तये सचस्व ।

अर्थ- हे (अग्ने) प्रकाश देनेवाले प्रभो! (सः त्वं) वह तू (सूनवे

पिता इव) पुत्रके लिये पिताके समान (नः) हम सबके लिये (सु-उपायनः) उत्तम प्राप्त होने वाला (भव) हो। (नः) हम सब का (स्वस्तये) कल्याण के लिये (सचस्व) हमारे साथ रह।

भावार्थ- हे प्रकाश देनेवाले प्रभो! जैसा पिता पुत्रका सहायक होता है वैसा तू हम सबका सहायक हो और हमारा कल्याण करने के लिये हमें सहायक हो।

(५)

आ हि ष्मा सूनवे पिताऽपिर्यजत्यापये।
सखा सख्ये वरेण्यः॥ ऋग्वेद १।२६।३

पद- आ। हि। स्म। सूनवे। पिता। आपिः। यजति। आपये। सखा। सख्ये। वरेण्यः।

अन्वय और अर्थ-- जिस प्रकार (पिता सूनवे) पिता पुत्रके लिये (आपिः आपये) बंधु बंधु के लिये तथा (वरेण्यः सखा सख्ये) श्रेष्ठ मित्र मित्र के लिये (आ यजति स्म) सहायता करता है उस प्रकार हे ईश्वर! तू हमारी सहायता कर।

भावार्थ जैसा पिता पुत्र की, भाई भाई की, और मित्र मित्र की सहायता करता है उस प्रकार ईश्वर हमारी सहायता करे।

(६)

त्वमग्ने प्रमतिस्त्वं पितासि नस्त्वं वयस्कृत्तव जामयो वयम्।
सं त्वा रायः शतिनः सहस्रिणः सुवीरं यन्ति व्रतपामदाभ्य॥
ऋग्वेद १।३१।१०

पद— त्वं। अग्ने। प्रमतिः। त्वं। पिता। असि। नः। त्वं। वयस्कृत्। तव। जामयः। वयम्। सं। त्वा। रायः। शतिनः। सहस्रिणः। सुवीरं। यन्ति। व्रतपां। अदाभ्य।

अन्वय—हे अग्ने! त्वं प्रमतिः, त्वं नः पिता असि। त्वं वयस्कृत्। वयं तव जामयः। हे अदाभ्य! सुवीरं व्रतपां त्वा शतिनः

सहस्रिणः रायः संयन्ति ॥

अर्थ- हे (अग्ने) प्रकाश देनेवाले ईश्वर! तू (प्रमतिः) विशेष बुद्धिमान हो, तू हम सबका पिता है। तूहि (वयः कृत्) जीवन देनेवाला है। (वयं) हम सब (तव) तेरे (जामयः) बंधु हैं। हे (अदाभ्य) न दबनेवाले ईश्वर! (सुवीरं व्रतपां) उत्तम वीरोंसे युक्त नियमोंके पालक तुझ ईश्वर के प्रति सौ और सहस्रों (रायः) धन (संयन्ति) इकट्ठे होते हैं।

भावार्थ-हे ईश्वर! तू हि सब में अत्यंत बुद्धिवान् हो, तूहि हम सबका पिता हो और तू हि सबको जीवन देनेवाला हो। तेरे ही हम सब भाई हैं। हे न दब जानेवाले ईश्वर! तू अनेक वीरताके गुणोंसे युक्त तथा उत्तम नियमोंके चलाने वाले हो, इसलिये सैंकडों धन तेरे पास इकट्ठे होते हैं। अर्थात् जो इस प्रकार उत्तम नियमोंका पालन कर्ता और वीरताके गुणोंसे युक्त होगा वह भी अनेक धनोंको अपनेपास धारण कर सकेगा और धनी बन जायगा।

पाठक इस प्रकार मंत्रोंका अध्ययन करें।

पाठ १०

(१)

वयं शूरेभिरस्तृभिरिन्द्र त्वया युजा वयम्।
सासह्याम पृतन्यतः ॥ ऋग्वेद १।८।४

अन्वय— वयं त्वया युजा अस्तृभिः शूरेभिः (च सह) वयं पृतन्यतः सासह्याम।

अर्थ— हम सब तेरे (युजा) साथ और (अस्तृभिः) अस्त्रोंका प्रयोग करनेवाले (शूरेभिः) शूरवीरों के साथ हम (पृतन्यतः) सेनासे हमला करनेवाले शत्रुका (सासह्याम) पराभव करेंगे।

भावार्थ- हे ईश्वर! तेरी सहायता लेकर तथा शूरवीरोंकी सहायता लेकर हम शत्रुका पराजय करेंगे।

(२)

वयं जयेम त्वया युजा वृतमस्माकमंशमुदवा भरे भरे। अस्मभ्य मिन्द्र वरिवः सुगं कृधि प्र शत्रूणां मघवन् वृष्ण्यारुज ॥

ऋग्वेद. १ । १०२ । ४

अन्वय और अर्थ- हे (मघवन्) धनैश्वर्य संपन्न प्रभो ! (त्वया युजा) तेरे साथ युक्त हो कर (वयं वृतं जयेम) हम सब घेरने वाले शत्रुका पराभव करेंगे । (भरे भरे) हरएक प्रकारके युद्ध में (अस्माकं अंशं) हमारे भागका (उदव) उत्तम रक्षण कर। हे (इन्द्र) प्रभो ! (अस्मभ्यं) हम सबके लिये (वरिवः सुगं कृधि) धन सुखसे प्राप्त होने योग्य कर । (शत्रूणां वृष्ण्या) शत्रुओं के बल (प्र रुज) नष्टभ्रष्ट कर ॥

भावार्थ- हे प्रभो ! तेरी कृपा प्राप्त करके हम सब प्रकारके शत्रुओंपर विजय प्राप्त करेंगे । हे ईश्वर ! हर एक प्रकारके युद्धमें हमारा कर्तव्यका भाग हमसे ठीक प्रकार हो जावे, ऐसी उन्नति हमारी हो जावे । हे देव ! हमें सब प्रकारके धन सुगमतासे प्राप्त हों और तेरी प्रेरणासे हमारे शत्रुओंके बल पूर्णतासे नष्ट भ्रष्ट कर और सदा हमारा विजय हो ।

(३)

त्वे इन्द्राप्यभूम विप्रा धियं वनेम ऋतया सपन्तः । अवस्यवो धीमहि प्रशस्ति सद्यस्ते रायो दावने स्याम ॥ ऋ. २ । ११ । १२

अन्वय और अर्थ-हे (इन्द्र) प्रभो ! हम सब (विप्राः) ज्ञानी लोग (त्वे अभूम) तेरे अंदर अर्थात् तेरे होकर रहेंगे ॥ (ऋतया सपन्तः) सीधे मार्गसे व्यवहार करते हुए (धियं वनेम) बुद्धि और कर्म की सिद्धि प्राप्त करेंगे हम सब (अवस्यवः) अपनी रक्षा करने का यत्न करने वाले लोग (प्रशस्ति धीमहि) तेरे गुणोंको मनमें धारण करेंगे । (सद्यः) तत्कालही (ते रायः)

तेरे धनके (दावने) दान के लिये हम योग्य (स्याम) होंगे ॥

भावार्थ- हे ईश्वर ! हम सब लोग तेरे बनकर रहेंगे। सीधे मार्गसे चल कर कर्म की सिद्धि प्राप्त करेंगे। हम सब अपनी रक्षा करने का पुरुषार्थ करेंगे और सदा तेरे शुभगुणोंका ध्यान करेंगे। ऐसा करनेसे तेरे धन के दानके भागी हम सब बन जांयगे।

(४)

यो जात एव प्रथमो मनस्वान् देवो देवान्क्रतुना पर्यभूषत ॥
यस्य शुष्माद्रोदसी अभ्यसेतां नृम्णस्य मह्ना स जनास इन्द्रः ॥ ऋग्वेद २।१२।१

अन्वय तथा अर्थ- (यः प्रथमः देवः) जो आदि देव (जातः एव) प्रकट होते ही (मनस्वान्) मनन शक्तिसे श्रेष्ठ होकर अपने (क्रतुना) कर्मसे (देवान् पर्यभूषत) देवोंको शोभायुक्त करता रहा। (यस्य शुष्मात्) जिसके बलसे (रोदसी।) द्युलोक और पृथ्वी लोक (अभ्यसेतां) कांपती हैं (सः) वही देव, हे (जनासः) लोगो! (नृम्णस्य मह्ना) मानसिक शक्तिके महत्त्वसे युक्त (इन्द्र) प्रभु है।

भावार्थ-आदिदेव परमेश्वर पहलेसेही महती मानस शक्तिसे युक्त है और अपने प्रशंसनीय कर्मसे संपूर्ण देवताओंको सशोभित करता है। इसका बल इतना है कि उसके भयसे द्यावा पृथिवी भी कांपते हैं॥ हे लोगो! यही सब जगत् का एक प्रभु है। और वही सबसे अधिक समर्थ है।

(५)

यस्मान्न ऋते विजयन्ते जनासो यं युद्ध्यमाना अवसे हवन्ते॥
यो विश्वस्य प्रतिमानं बभूव यो अच्युतच्युत्स जनास इन्द्रः॥
ऋ. २।१२॥९

अन्वय और अर्थ-हे (जनासः) लोगो! (यस्मात् ऋते) जिसके

विना (जनासः न विजयन्ते) लोग विजय प्राप्त नहीं कर सकते, (युद्धयमानाः) लडते हुए (अवसे) रक्षा के लिये (यं हवन्ते) जिसकी प्रार्थना करते हैं और (यः) जो (विश्वस्य प्रति मानं बभूव) विश्वका नमूना हुआ है तथा जो (अ-च्युत-च्युत्) न हिलने वालों कोभी हिला देनेकी शक्ति रखता है, हे लोगो वही इन्द्र है॥

भावार्थ-- परमेश्वरकी कृपा न हुई तो लोगोंका कभी विजय नहीं हो सकता, इसलिये युद्धके समय सब लोग उसी की प्रार्थना मनोभावनासे करते हैं, जो प्रभु जगत् बननेके लिये आदर्शरूप हुआ वह इतना समर्थ है कि वह बडे प्रभावशालियों को भी हिला देता है, परंतु उसको हिलाने वाला कोई नहीं है।

(६)

अस्माकमग्ने मघवत्सु धारयानामि क्षत्रमजरं सुवीर्यम्।
वयं जयेम शतिनं सहस्रिणं वैश्वानर वाजमग्ने तवोतिभिः॥

ऋ. ६।८।६

अन्वय के साथ अर्थ-हे(वैश्वानर अग्ने)विश्वके संचालक प्रकाश देनेवाले देव ! (अस्माकं मघवत्सु) हमारे धनिकों में (सु-वीर्यं) उत्तम वीरता से युक्त(अ-नामि)कभी न नम्र होने वाला (अ-जरं क्षत्रं) कभी क्षीण न होने वाला क्षात्र तेज (धारय) धारण कर। (तव ऊतिभिः) तेरी रक्षा शक्तियोंसे (वाजं) बल प्राप्त करके (वयं) हम सब (शतिनं सहस्रिणं) सौ और हजारों सैनिकोंके साथ हमला करनेवाले शत्रु को (जयेम) पराजित करेंगे।

भावार्थ-हे जगत् के संचालक प्रभु! हमारे में जो धनी हैं, उनमें उत्तम शौर्य वीर्य, धैर्य, स्थापन कर अर्थात् धनी लोग शूर हों और डरपोक न हों, कभी किसीसे वे न डरें और अपनी रक्षा करने में वे समर्थ हों। तेरी रक्षाओंसे सुरक्षित हो कर ही हम बडे बलवान् बनेंगे और सैन्यके साथ हमपर हमला करनेवाले शत्रु

ओंको भी परास्त करेंगे।

सख्ये त इन्द्र वाजिनो मा भेम शवसस्पते।

त्वामभि प्र णोनुमो जेतारमपराजितम् ॥ ऋ. १।११।२

अर्थ – हे (शवसः पते इन्द्र) बलके स्वामी प्रभो ! (ते सख्ये) तेरी मित्रतामें हम (वाजिनः) बलवान् होने के कारण (मा भेम) किसीसे भी नहीं डरते। तू (जेतारं) विजयी और (अ – पराजितं) कभी पराजित न होनेवाला है इसलिये (त्वां अभि प्र णोनुमः) तुझे ही नमन करते हैं।

भावार्थ – हे सर्व समर्थ प्रभो ! तेरी मित्रतासे हम बलशाली होनेके कारण हम किसीसे नहीं डरेंगे। क्यों कि तू सदा विजयी हो और तुम्हारा पराजय कभी नहीं होता। इसलिये हम तेरी ही शरण आते हैं, तेरी ही भक्ति करते हैं और तुझे छोडकर किसी अन्यकी उपासना नहीं करते।

सूचना

पाठक इस प्रकार मंत्रोंका अर्थ करें। हरएक मंत्र कण्ठ करें, और उसके पद पदार्थ अन्वय और भावार्थ स्वयं करनेका यत्न करें। जहां समझमें न आवे वहाँ ऊपर दिये अर्थकी सहायता लें। इस प्र कार करनेसे उनकी प्रगति वेदविद्यामें शीघ्र होगी।

पाठ ११

(म. भा. द्रोणपर्व अ. ३६)

सञ्जय उवाच।

सौभद्रस्तद्वचः श्रुत्वा धर्मराजस्य धीमतः।
अचोदयत यन्तारं द्रोणानीकाय भारत ॥ १ ॥
तेन संचोद्यमानस्तु याहि याहीति सारथिः।
प्रत्युवाच ततो राजन्नभिमन्युमिदं वचः ॥ २ ॥

अतिभारोऽयमायुष्मन्नाहितस्त्वयि पाण्डवैः ।
सम्प्रधार्य क्षणं बुद्ध्या ततस्त्वं योद्धुमर्हसि ॥ ३ ॥
आचार्यो हि कृती द्रोणः परमास्त्रे कृतश्रमः ।
अत्यन्तसुखसंवृद्धस्त्वं चायुद्धविशारदः ॥ ४ ॥
ततोऽभिमन्युः प्रहसन्सारथिं वाक्यमब्रवीत् ।
सारथे को न्वयं द्रोणः समग्रं क्षत्रमेव वा ॥ ५ ॥
ऐरावतगतं शक्रं सहामरगणैरहम् ।
अथवा रुद्रमीशानं सर्वभूतगणार्चितम् ॥
योधयेयं रणमुखे न मे क्षत्रेऽद्य विस्मयः ॥ ६ ॥
न ममैतद्द्विषत्सैन्यं कलामर्हति षोडशीम् ।
अपि विश्वजितं विष्णुं मातुलं प्राप्य सूतज ॥ ७ ॥
पितरं चार्जुनं युद्धे न भीर्मामुपयास्यति ।
अभिमन्युश्च तां वाचं कदर्थीकृत्य सारथेः ॥ ८ ॥ ८१२
याहीत्येवाब्रवीदेनं द्रोणानीकाय मा चिरम् ॥

सञ्जय उवाच—हे भारत ! धीमता बुद्धिमतो धर्मराजस्य तद्वचः तद्वचनं श्रुत्वा सौभद्रः सुभद्रापुत्रः यन्तारं सारथिं द्रोणानीकाय द्रोणस्य सैन्याय अचोदयत् प्रेरितवान् ॥ १ ॥ तेन द्रौपदीपुत्रेण अभिमन्युना "याहि याहि" गच्छ गच्छ इति सञ्चोद्यमानः सम्प्रेर्यमाणः सारथिस्तु, हे राजन् ! ततः तदनन्तरं इदं वचः इदं वचनं अभिमन्युं प्रत्युवाच ॥ २ ॥ हे आयुष्मन् अभिमन्यो ! पाण्डवैस्त्वयि अयं अतिभारः आहितः स्थापितः । बुद्ध्या क्षणं सम्प्रधार्य विचार्य ततः तदनन्तरं त्वं योद्धुं अर्हसि ॥ ३ ॥ हि आचार्यः द्रोणः कृती कृतविद्यः परमास्त्रे च कृतश्रमः । त्वं च अयुद्धविशारदः न युद्धविशारदः अत्यन्तसुखसंवृद्धः च ॥ ४ ॥ ततोऽभिमन्युः प्रहसन् सारथिं इदं वाक्यं अब्रवीत् । हे सारथे ! को नु अयं द्रोणः ? समग्रं सम्पूर्णं क्षत्रं क्षत्रियवर्गः वा ॥ ५ ॥ ऐरावतगतं अमरगणैः

'सह शक्रं इन्द्रं वा, अथवा सर्व भूतगणार्चितं सर्वभूतसुपूजितं ईशानं रुद्रं वा रणमुखे योधयेयम्। अद्य क्षत्रे मे विस्मयो न ॥ ६ ॥ एतत् द्विपत्सैन्यं शत्रुसैन्यं मम षोडशीं कलां न अर्हति। हे सूतज! मातुलं विश्वजितं विष्णुं प्राप्य ॥ ७ ॥ अपि पितरं अर्जुनं चाऽपि प्राप्य मां भीः न उपयास्यति॥ अभिमन्युः च तां सारथेः वाचं कदर्थीकृत्य ॥८॥ "द्रोणानीकाय याहि, मा चिरं" इत्येव एनं अब्रवीत्॥

ततः संनोदयामास हयानाशु त्रिहायनान् ॥ ९ ॥
नाऽतिहृष्टमनाः सूतो हेमभाण्डपरिच्छदान् ।
ते प्रेषिताः सुमित्रेण द्रोणानीकाय वाजिनः ॥ १० ॥
द्रोणमभ्यद्रवन् राजन् महावेगपराक्रमम् ।
तमुद्वीक्ष्य तथा यान्तं सर्वे द्रोणपुरोगमाः ॥
अभ्यवर्तन्त कौरव्याः पाण्डवाश्च तमन्वयुः ॥ ११ ॥
ते विंशतिपदे यत्ताः संप्रहारं प्रचक्रिरे ।
आसीद्गाङ्ग इवावर्तो मुहूर्तमुदधाविव ॥ १२ ॥
शूराणां युद्धयमानानां निघ्नतामितरेतरम् ।
संग्रामस्तुमुलो राजन्प्रावर्तत सुदारुणः ॥ १३ ॥
प्रवर्तमाने संग्रामे तस्मिन्नतिभयङ्करे ।
द्रोणस्य मिषतो व्यूहं भित्वा प्राविशदार्जुनिः ॥ १५ ॥
तं प्रविष्टं विनिघ्नन्तं शत्रुसंघान्महाबलम् ।
हस्त्यश्वरथपत्त्योघाः परिवव्रुरुदायुधाः ॥ १६ ॥
नाना वादित्रनिनदैः क्ष्वेडितोत्कृष्टगर्जितैः ।
हुंकारैः सिंहनादैश्च तिष्ठ तिष्ठेति निःस्वनैः ॥ १७ ॥
घोरैर्हलहलाशब्दैर्माऽगास्तिष्ठेहि मामिति ।
असावहममित्रेति प्रवदन्तो मुहुर्मुहुः ॥ १८ ॥
बृंहितैः शिञ्जितैर्हासैः करनेमिस्वनैरपि ।
सन्नादयन्तो वसुधामभिदुद्रुवुरार्जुनिम् ॥ १९ ॥

तेषामापततां वीरः शीघ्रयोधी महाबलः ।
क्षिप्रास्त्रो न्यवधीद्राजन्मर्मज्ञो मर्मभेदिभिः ॥ २० ॥
ते हन्यमाना विवशा नानालिंगैः शितैः शरैः ।
अभिपेतुः सुबहुशः शलभा इव पावकम् ॥ २१ ॥

ततः सूतो हेमभाण्डपरिच्छदान् सुवर्णालंकारयुक्तान् त्रिहायनान् त्रिवर्षीयान् हयान् अश्वान् आशु संनोदयामास । सुमित्रेण सारथिना द्रोणानीकाय प्रेषितास्ते वाजिनः अश्वाः ॥ १० ॥ हे राजन्! महावेगपराक्रमं द्रोणं अभ्यद्रवन्। तथा यान्तं तं अभिमन्युं उद्वीक्ष्य दृष्ट्वा, सर्वे द्रोणपुरोगमाः तं अभ्यवर्तन्त, पाण्डवाश्च तं अन्वयुः ॥ ११ ॥ ते विंशतिपदे यत्ताः संयत्ताः संप्रहारं प्रचक्रिरे । उदधौ समुद्रे गांगः आवर्त इव मुहूर्तं आसीत्॥१३॥शूराणां युद्ध्यमानानां इतरेतरं निघ्नतां, हे राजन् ! सुदारुणः तुमुलः संग्राम प्रावर्तत ॥ १४ ॥ तस्मिन् अतिभयंकरे संग्रामे प्रवर्तमाने द्रोणस्य मिषतः पश्यतः एव आर्जुनिः अभिमन्युः व्यूहं भित्त्वा अभ्यन्तरं प्राविशत् ॥ १५ ॥ तं महाबलं व्यूहमध्ये प्रविष्टं शत्रुसंघान् विनिघ्नन्तं उदायुधाः उद्यतायुधाः हस्त्यश्वरथपत्त्यौघाः परिवव्रुः परितः वव्रुः ॥ १६ ॥ नानावादित्रनिःस्वनैः क्ष्वेडितोत्क्रुष्टगर्जितैः गर्जनैः हुंकारैः सिंहनादैः च "तिष्ठ तिष्ठ" इति निःस्वनैः ॥१७॥ घोरैः हलहला शब्दैः " मा गाः, तिष्ठ, मां एहि, अमित्र ! असौ अहं" इति मुहुः मुहुः वारंवारं प्रवदन्तः ॥ १८ ॥ बृंहितैः सृंजितैः हासैः करनेमिस्वनैरपि वसुधां संनादयन्तः आर्जुनिं अभिदुद्रुवुः॥ १९ ॥ शीघ्रयोधी महाबलो वीरः क्षिप्रास्त्रः अभिमन्युः । हे राजन् ! युद्धमर्मज्ञः अभिमन्युः मर्मभेदिभिः नानालिंगैः शरैः आपततां तेषां न्यवधीत् ॥ २० ॥ नानालिंगैः शितैः शरैः विवशा, हन्यमानास्ते वीराः पावकं शलभा इव सुबहुशः अभिपेतुः॥२१॥

—

संस्कृत पाठ माला।

बारह पुस्तकोंका मूल्य म. आ. से ३) रु. और वी. पी. से ४)रु. प्रति भाग का मूल्य ।-) पांच आने और डा. व्य.-) एक आना।
अत्यंत सुगम रीतिसे संस्कृत भाषाका अध्ययन करनेकी अपूर्व पद्धति
इस पद्धतिकी विशेषता यह है-

१ प्रथम द्वितीय और तृतीय भाग।
इन भागोंमें संस्कृत के साथ साधारण परिचय करा दिया गया है।
२ चतुर्थ भाग।
इस चतुर्थ भागमें संधि विचार बताया है।
३ पंचम और षष्ठ भाग।
इन दो भागोंमें संस्कृतके साथ विशेष परिचय कराया गया है।
४ सप्तम से दशम भाग।
इन चार भागोंमें पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंगी नामोंके रूप बनानेकी विधि बताई है।
५ एकादश भाग।
इस भागमें " सर्वनाम " के रूप बताये हैं।
६ द्वादश भाग।
इस भागमें समासोंका विचार किया है।
७ तेरहसे अठारहवें भाग तकके ६ भाग।
इन छः भागोंमें क्रियापद विचार की पाठविधि बताई है।
८ उन्नीससे चौवीसवे भागतकके ६ भाग।
इन छः भागोंमें वेदके साथ परिचय कराया है।
अर्थात् जो लोग इस पद्धतिसे अध्ययन करेंगे उन को अल्प परिश्रमसे बडा लाभ हो सकता है।

स्वाध्याय मंडल, औंध (जि. सातारा)

महाभारत।

(हिंदी— भाषा— भाष्य— समेत)

तैय्यार है।

(१) आदिपर्व। पृष्ठ संख्या ११२५ मूल्य म. आ. से६) रु.

(२) सभापर्व । पृष्ठ संख्या ३५६ मूल्य म. आ. से२) रु.

(३) वनपर्व । पृष्ठ संख्या १५३८ मूल्य म. आ. से८) रु.

(४) विराटपर्व । पृष्ठ संख्या ३०६ मूल्य म. आ. से१॥)

(५) उद्योगपर्व । पृष्ठ संख्या ९५३ मूल्य म.आ से५) रु.

(६) भीष्मपर्व । पृष्ठ संख्या ८०० मू. म. आ. से ४) रु.

[७] महाभारत समालोचना ।

१ प्रथम भाग । मू. म. आर्डरसे ॥) वी. पी से ॥।≈)आने ।

२ द्वितीय भाग । मू. म. आर्डरसे ॥) वी. पी से ॥।≈)आने ।

महाभारत के स्थायी ग्राहकोंके लिये १२०० पृष्ठोंका ६)रु. मूल्य होगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक — श्री. दा. सातवळेकर
भारतमुद्रणालय- स्वाध्याय मंडल, औंध (जि. सातारा)

अंक २१ 

संस्कृत पाठ माला।

(संस्कृत भाषाका अध्ययन करनेका सुगम उपाय)

भाग इक्कीसवाँ।



लेखक और प्रकाशक,
श्रीपाद दामोदर सातवळेकर,
स्वाध्याय मंडल, औंध (जि. सातारा)

प्रथम आवृत्ति.

संवत् १९८४, शक १८४९, सन १९२७

मूल्य पांच आने

निरुक्ति।



वेदमंत्रों का मनन करनेके समय वैदिक शब्दों की निरुक्ति जाननेकी आवश्यकता होती है। यह निरुक्तिका विषय अब इस के आगे चलाना है। यदि पाठक इन स्थानों में दिये हुए नियम और उदाहरण मननपूर्वक पढेंगे तो उनको वैदिक शब्दोंकी निरुक्तिका उत्तम ज्ञान हो सकता है। इसलिये आशा है कि पाठक इस सुगम पाठविधि से लाभ उठावेंगे।

स्वाध्यायमंडल औंध (जि. सातारा) ९। १२। २७	निवेदक. श्रीपाद दामोदर सातवळेकर

मुद्रक तथा प्रकाशक- श्रीपाद दामोदर सातवळेकर,
भारत मुद्रणालय, स्वाध्याय मंडल, औंध (जि० सातारा)



संस्कृत-पाठ-माला।

भाग इक्कीसवाँ।

पाठ १

शब्दोंकी निरुक्ति।

वैदिक पदोंकी निरुक्ति करनेके लिये वह पद किस धातुसे बना है यह जाननेकी आवश्यकता है। धातुके अक्षरोंकी समानता पदमें देखनेसे प्रायः पता लग सकता है कि यह शब्द इस धातुसे बना है। जैसा- " गौ " शब्द लीजिये। इस में " ग " अक्षर है और वह " गम् " धातुमें है, इसलिये अनुमान हो सकता है कि यह पद गम् धातुसे हुआ है। दूसरा गति अर्थ वाला " गा " धातुभी इसमें हो सकता है।

इसलिये " गच्छति इति गौः " ऐसा गो पदका निर्वचन करते हैं। " जो गतिमान है " यह इसका अर्थ है, इस पदके अर्थ- गाय, वाणी, भूमि, सूर्य किरणें, सूर्य, चन्द्र, इंद्रियां आदि अनेक वेदमें आते हैं, सबमें भिन्न भिन्न प्रकारकी गति होती ही है। उदाहरण देखिये-

आयं गौः पृश्निरक्रमीत्। ऋग्वेद. १०।१८८।१

" (आयं) यह (गौः) भूमि (पृश्निः) अंतरिक्ष में (अक्रमीत्) जाती है। " इस मंत्रमें गौ शब्द पृथ्वीवाचक है और यह पृथ्वीकी गतिका सूचक है। तथा-

मया गावो गोपतिना सचध्वमयं वो गोष्ठ
इह पोषयिष्णुः ॥ ऋग्वेद ३ । १४ । ६

" हे (गावः) गौवो ! (मया गोपतिना) मुझ गोपालके साथ (सचध्वं) मिलकर रहो, (इह अयं) यहां यह (पोषयिष्णुः) पालन करनेवाली (वः गोष्ठः) तुम्हारी गोशाला है । " यहां गौ शब्द (अर्थात् गावः शब्द) गाय का वाचक है, परंतु अलंकार से इन्द्रिय वाचक भी होना संभव है ।

इस प्रकार अन्यान्य अर्थोंके उदाहरण वेदमें अनेक मिल सकते हैं। वेदमें कईवार " अंशके लिये पूर्णका प्रयोग " किया जाता है। अर्थात् " गौ " शब्दका प्रयोग गौसे उत्पन्न होनेवाले किसी भी पदार्थ के लिये होता है । यह विषय बडा गहन है तथापि संक्षेप से यहां देखिए-

"गौ" शब्द "गायके दूध" के लिये निम्नलिखित मंत्र में है, देखिये-

गोभिः श्रीणीत मत्सरं ॥ ऋ. ९ । ४६ । ४

" (गोभिः) गायके दूध के साथ (श्रीणीत) पकाओ (मत्सरं) सोमरसको ।" अर्थात् गायका दूध लेकर उसमें सोम रस डालो और दोनोंको साथ साथ पकाओ ।

इसी मंत्रमें " मत्सर " शब्द सोम रसका वाचक है, मत्सर का दूसरा अर्थ लोभ है, वह यहां अभीष्ट नहीं है । मत्सर शब्द "मद्" (हर्षित होना) इस धातुसे बनता है ।

उक्त प्रकार " गौ " शब्द, " गायका दूध, दही, मक्खन, घी, चर्म, चर्मसे बनी रसियां " आदिके लिये प्रयुक्त होता है, क्यों कि ये सब पदार्थ गौ से बनते हैं। देखिये इस के उदाहरण-

अंशुं दुहन्तो अध्यासते गवि । ऋग्वेद. १० । ९४ । ९

" (अंशुं) सोमका (दुहन्तः) रस निचोडनेवाले (गवि) चर्मपर (अध्यासते) बैठते हैं । " यहां " गौ " शब्द का अर्थ

[च]र्म अथवा चर्म है। तथा और देखिये -

गोभिः सन्नद्धो असि वीळयस्व। ऋग्वेद. ६।४७।२६

" (गोभिः) गोचर्म की रस्सियों से (सन्नद्धः) बंधा हुआ [यह] रथ है इससे (वीळयस्व) तू दृढ बनो" यहां गो शब्दका अर्थ [च]र्म से बनी हुई रसी है।

इसी प्रकार गो शब्दके अनेक अर्थ वेदमें होते हैं गायसे जितने [भी] पदार्थ बनते हैं उन सबका वाचक एक गौ शब्द है। धनुष्य की [डो]री चर्मकी तांत से बनती है, इसलिये उसका नाम भी गौ है। [इ]स प्रकार अनुसंधानसे जानना चाहिये।

दो धातुसे बने शब्द।

कई शब्द एक धातु से बनते हैं, उसी प्रकार कई शब्द दो अथवा अधिक धातुओंसे भी बनते हैं अथवा वैसे सिद्ध किये जा सकते हैं देखिए- " हिरण्य " शब्द है, इसमें दो भागों की कल्पना हो सकती है। " हिर्+रण्य" इसमें " रण्य " पद " रमणीय " पदका संक्षिप्त रूप होगा, देखिये—

रमणीय, रवणीय, रवण्य, रण्य, इस ढंगसे यह " रण्य " पद रमणीय पद का संक्षिप्त रूप स्पष्ट प्रतीत होता है, इस लिये यह "रम्" धातुसे सिद्ध हुआ मानना योग्य है।

" हि " अथवा " हिर् " पद " हृ " धातुसे होना संभवनीय है। हृदय शब्द का भाषामें "हिर्दय" भी कई लोग कहते हैं उसमें से " दय " हटाया जाय तो " हिर् " शेष रह जाता है। यह " हिर् - रण्य = हिरण्य " शब्द इस प्रकार बना है। हृदय के लिये जो रमणीय लगता है वह हिरण्य है यह धन का नाम है। धन, दौलत, संपत्ति आदि हरएक मनुष्यके हृदयको रमणीय लगती है, इसलिये धनका यह नाम है।

" हृ " धातुका अर्थ हरण करना भी है, एक स्थानसे हरण करके जो दूसरे स्थानपर लिया जा सकता है वह हिरण्य होता है। धन एकके पाससे दूसरेके पास जाता रहता है इस लिये धन को हिरण्य कहते हैं, इसका उदाहरण देखिये.–

हिरण्यपाणिमूनये सवितारमुपह्वये ॥ ऋ. १ । २२ । ५

"(हिरण्य-पाणि) सुवर्ण के समान चमकदार हाथोंसे अर्थात् किरणोंसे युक्त (सवितारं) सूर्य की अपनी (ऊतये) रक्षा होने के लिये (उपह्वये) प्रार्थना करते हैं।" यहां हिरण्य शब्द धन रूपी सुवर्ण के समान चमकदार इस अर्थमें प्रयुक्त है। इस प्रकार पाठक शब्दोंकी व्युत्पत्ति जानें.।

पाठ २

इस पाठ में निम्न लिखित मंत्रोंका अध्ययन कीजिये-

शं नो मित्रः शं वरुणः शं नो भवत्वर्यमा ।

शं न इन्द्रो बृहस्पतिः शं नो विष्णुरुरुक्रमः॥ वा. यजु. ३६।९

(मित्रः) सब का मित्र ईश्वर (नः शं) हम सबको कल्याणकारी होवे। (वरुणः) सबसे श्रेष्ठ ईश्वर (शं) कल्याण कारी होवे। (अर्यमा) न्यायकारी ईश्वर (नः शं) हम सबको कल्याणकारी होवे। (इन्द्रः) परम ऐश्वर्यवान् प्रभु (नः शं) हम सबको कल्याण कारी होवे।। (बृहस्पतिः) बड़ी वाणीका स्वामी ईश्वर (शं) हमारा कल्याणकर्ता होवे और (उरुक्रमः विष्णुः) महा पराक्रमी व्यापक ईश्वर (नः शं) हमारा कल्याणकर्ता होवे ।

शं नो वातः पवतां शं नस्तपतु सूर्यः ।

शं नः कनिक्रदद्देवः पर्जन्यो अभिवर्षतु ॥वा.यजु. ३६।१०

(वातः) वायु (नः शं) हम सबके लिये कल्याण कारी होकर (पवतां) बहता रहे। (सूर्यः) सूर्य (नः) हम सबके

लिये (शं तपतु) कल्याण कारक होकर तपता रहे। (कनिक्रदद्) गर्जना करनेवाला (पर्जन्यः देवः) मेघराज देव (नः) हम सब के लिये (शं अभिवर्षतु) कल्याण करने वाली वृष्टि का वर्षाव करे।

अहानि शं भवन्तु नः शँ रात्रीः प्रति धीयताम्।
शं न इन्द्राग्नी भवतामवोभिः शं न इन्द्रावरुणा रातहव्या।
शं न इन्द्रापूषणा वाजसातौ शमिन्द्रासोमा सुविताय शंयोः॥
वा. यजु. ३६। ११

(नः) हम सबके लिये ((अहानि शं भवन्तु) दिन कल्याण कारक हो। (रात्रीः शं प्रतिधीयतां) रात्री का समय हम सबके लिये कल्याण को धारण करे। (अवोभिः) सब प्रकारके रक्षणों के साथ (इन्द्राग्नी) ऐश्वर्य वान् और तेजस्वी (नः शं भवतां) हम सबके लिये कल्याण कारक हों। (रातहव्यौ) अन्न देनेवाले (इन्द्रावरुणौ) ऐश्वर्यवान् और श्रेष्ठ (नः शं) हम सबका कल्याण करें। (इंद्रापूषणौ) ऐश्वर्य वान् और पोषणकर्ता (वाजसातौ) अन्नके दानके समय (नः शं) हम सबका कल्याणकारी हों। (इन्द्रासोमौ) ऐश्वर्यवान् और विद्वान् (सुविताय) उत्तम गति के लिये और (शं योः) शांतिसुख और दुःख प्रतिकारके लिये सहायक बनें। अर्थात् हरएक समय और हरएक शक्ति हम सब के लिये लाभदायक बने।

अभी षु णः सखीनामविता जरितॄणाम्।
ऋ. ४।३१।३
शतं भवास्यूतिभिः॥

हे ईश्वर! तू (नः) हम सबका, (सखीनां) सब मित्रजनों का और (जरितॄणां) सब उपासकोंका (शतं ऊतिभिः) सैकडों रक्षणोंके द्वारा (अभि सु अविता) सब प्रकार से उत्तम रक्षक (भवसि) होता है।

हम सबका, मित्रों और उपासकों का तू सैकडों प्रकारों से अत्यंत उत्तम रक्षण करता है। प्रभो! तुम्हारे जैसा दूसरा कोई भी रक्षक नहीं है। तेरे रक्षाके साधन अनंत हैं और रक्षाके मार्ग भी अनंत हैं।

अग्ने त्वं नो अन्तम उत त्राता शिवो भवा वरूथ्य ।
वसुरग्निर्वसुश्रवा अच्छा नक्षि द्युमत्तमं रयिं दाः॥ ऋ० ५।२४।१

हे (अग्ने) तेजस्वी ईश्वर! (न त्वं अन्तम) हमारे लिये तूही समीप हो। इसलिये तू हमारा (त्राता) रक्षक (शिव) कल्याणकर्ता और (वरूथ्य) श्रेष्ठ हो। तू (अग्नि) तेजस्वी (वसु) सबका निवासक (वसुश्रवा) निवास करनेके योग्य अन्नादि देनेवाला (अच्छा नक्षि) हमें उत्तम प्रकार प्राप्त हो। और हमें (द्युमत्तम) उत्तम तेजस्वी (रयिं दाः) धन दो।

परमेश्वर ही हम सबका अत्यंत समीप है। उससे अधिक समीप और कोई नहीं है, वही सबका रक्षक, कल्याण करनेवाला और सबको श्रेष्ठ प्राप्तव्य है। वही सबकी सुरक्षा करता है और सबका पोषण करता है। वह हम सबको प्राप्त हो और हमें उत्तम धन देवे।

त्वां वर्धन्ति क्षितयः पृथिव्यां त्वां राय उभयासो जनानाम्॥
त्वं त्राता तरणे चेत्यो भूः पिता माता सदमिन्मानुषाणाम्।
ऋ ६।१।५

हे ईश्वर! (क्षितय) पृथ्वीपर रहने वाले मनुष्य (त्वां वर्धन्ति) तुझे बढाते हैं, तेरी महिमा फैलाते हैं। (जनानां) मनुष्योंके (उभयासः रायः) दोनों प्रकारके धन भी तेरी महिमा प्रकाशित करते हैं। तुमही (त्राता) सबका तारक हो और (तरण चेत्य) तुम्हारे सेर जानने योग्य (भूः) योग्य हो तथा तुमही (मनुष्याणां) मनुष्योंका पिता माता आदि (सदं इत्) सदाही तुम ही हो।

हे ईश्वर ! सब ज्ञानी जन तेरी महिमा फैला रहे हैं, सब लोगों को स्थूल सूक्ष्म धन तूही देता है, सबको दुःखसे पार होने के लिये तेरा ही ज्ञान प्राप्त करने योग्य है क्यों कि तूही सब मनुष्यका भाई, माता, पिता आदि संबंधी हो।

तं सध्रीचीरूतयो वृष्ण्यानि पौंस्यानि नियुतः सश्चुरिन्द्रम् ॥
समुद्रं न सिंधव उक्थशुष्मा उरुव्यचसं गिर आ विशन्ति।

ऋ. ६ । ३६ । ३

(तं इन्द्रं) उस प्रभुके पास (ऊतयः सध्रीचीः) रक्षक शक्तियां रहती हैं तथा (वृष्ण्यानि पौंस्यानि) उत्साहवर्धक शक्तियां (नियुतः) साथ साथ नियुक्त होकर (सश्चुः) सेवा करती हैं। (सिंधवः समुद्रं न) नदियां जिस रीतिसे समुद्रको प्राप्त होती हैं। उसी प्रकार (उक्थशुष्मा गिरः) बलसे युक्त स्तुतिप्रार्थनावाली वाणी (उरुव्यचसं) सर्वव्यापक ईश्वर के पास (आ विशन्ति) पहुंचती हैं।

परमात्माके पास सब प्रकारका संरक्षक सामर्थ्य है, अनंत बल भी वहां ही है। हरएक मनुष्य अपनी वाणीसे उसीकी प्रार्थना करता है अथवा हरएक मनुष्यको उसी की प्रार्थना करना चाहिये। किसीभी भाषाद्वारा और कहां भी रहकर की हुई प्रार्थना पूर्ण रीतिसे उसीके पास पहुंचती है।

सूचना।

इस पाठमें आये हुए देवताओंके अनेक नाम एकही ईश्वरके वाचक होते हैं। उस देवताका बोध करते हुए एक अद्वितीय परमेश्वरके वाचक होते हैं क्यों कि " एक ही सद्वस्तु का वर्णन ज्ञानी लोग अनेक नामोंसे करते हैं " यह वेदके मंत्रद्वारा ही स्पष्ट किया गया है।

पाठ ३

शब्दोंकी निरुक्ति।

" समुद्र " शब्दमें " सं+उत्+द्र " ये तीन विभाग हैं इनका अर्थ-(सं) मिलकर (उत्) ऊपर (द्र) गति करना है। जल के अणु परस्पर मिलकर एकरूप होकर ऊपर उठने के लिये गति करते हैं। जिन लोगोंने समुद्र देखा होगा उनको समुद्रकी इस गतिका ज्ञान हो सकता है । समुद्र का जल स्थिर नहीं होता परंतु लहरोंके द्वारा सदा हिलता रहता है यही अर्थ इस शब्दमें है। यहां सं उत् ये दो उपसर्ग हैं और द्र धातु है जिसका अर्थ गति है ॥

इसीकी दूसरी व्युत्पत्ति " सं+मुद्+रं " है, इसमें (सं) एक होकर (मुद) आनंद (र) देता है। समुद्रमें जल के अणु आपस में मिलकर देखने वाले को आनंद देते हैं। यहां समुद्र शब्द सं उपसर्गपूर्वक " मुद् " (आनंदित होना) धातुसे बना है।

इसकी तीसरी व्युत्पत्ति " सं + उन्द " (भिगोना) इस धातुसे की जाती है इसका अर्थ (सं) उत्तम रीतिसे (उनत्ति) जो भिगोता है। समुद्र सबको भिगो सकता है या भिगोता है क्योंकि उसमें अपरंपार जल होनेसे भिगोनेका कार्यकरनेमें वह समर्थ है। उदाहरण--

समुद्रमव जग्मुरापः॥ ऋ. १। ३२। २

" (आपः) जल (समुद्रं) जलनिधिके प्रति (अव जग्मुः) पहुंचे।"

(२)

आदित्य शब्द " आ + दा " (लेना, स्वीकार करना) इस धातुसे बनता है, " आदत्ते इति आदित्यः " (जो लेता है वह

आदित्य है। आदान अर्थात् स्वीकार करनेका धर्म इसमें होता है। इसके विविध अर्थ देखिये –

१ आदत्ते रसान्=जलों अथवा रसोंका आदान करता है अर्थात् शोषण करता है। सूर्य जलादि रस का आकर्षण करता है।

२ आदत्ते भास=तेज का आदान करता है, किसी भी दूसरे तेजस्वी पदार्थका तेज खींचता है, इसलिये उसकी प्रभा कम हो जाती है। इसका उदाहरण देखिये-

अथावयमादित्य व्रते तवानागसो
अदितये स्याम ॥ ऋग्वेद १।२४।१५

"हे (आदित्य) सूर्य! (अथ) अब (वय) हम सब (तव व्रते) तेरे व्रतमें रह कर (अन्+आगस) निष्पाप होते हुए (अदितये) अखंडित मुक्तिके लिये योग्य (स्याम) होंगे।'

(३)

"वृत्र" शब्द "वृ" धातुसे बनता है, आवरण करता है, घेरता है, चारों ओर से घेर लेता है उसका नाम वृत्र है। प्राय वेदमें यह शब्द मेघ वाचक है क्यों कि वह आकाश में आकर घेरता है, तथापि चारों ओरसे घेरनेवाला शत्रु दुष्ट विकार आदि अनेक अर्थमें आता है, इसका उदाहरण यह है-

अपां बिलमपिहितं यदासीद्वृत्रं
जघन्वाँ अप तद्ववार ॥ ऋ० १।३२।११

"(यत्) जो (अपां बिल) जल के निकलनेका द्वार (अपिहितं) ढका हुआ था उसको खोलने के लिये (वृत्र जघन्वान्) मेघको मार कर (तत् अपववार) उसे खोल दिया।" यहां मेघको मार कर जल के प्रवाह मुक्त करनेका वर्णन है। अर्थात्

शक्ति इसमें रहती है इसी लिये इसको आत्मा कहते हैं। इससे आत्मा का अर्थ " संचालक " होता है।

(१०)

वेदमें शब्द बननेके समय धातुके अक्षरोंमें उलट पुलट भी हो जाता है जैसे – " हिंस् " (हिंसा करना) इस धातु से " सिंह " शब्द बनता है जिसका अर्थ " हिंसक प्राणी " है। " हिंस् " इस धातुके व्यंजन के स्थान बदले हैं और " सिंह " शब्द बना है।

भाषामें भी चाकू के लिये " काचू." बिलकुल के लिये "कुल-बिल " आदि अनेक शब्द इसी प्रकार आदि और अंतका स्थान विपर्यय होकर बने हैं। इसी प्रकार संस्कृत शब्दों के बननेमें भी होता है। इस प्रकार अनुसंधान करनेसे कई शब्दोंमें में इसी प्रकार का साधर्म्य दिखाई देगा।

यं मर्त्यः पुरुस्पृहं विदद्विश्वस्य धायसे ।
प्र स्वादनं पितूनामस्ततातिं चिदायवे ॥ ऋ. ५ । ७ । ६

(मर्त्यः) मर्त्य मनुष्य (यं) जिस ईश्वर को (पुरुस्पृहं) अत्यंत प्रशंसनीय (विश्वस्य धायसे) सब विश्वका धारण करनेवाला (पितूनां प्रस्वादनं) अन्नोंको मीठा बनानेवाला तथा (आयवे) मनुष्य मात्रके लिये (अस्ततातिं) गृहके समान आश्रय रूप (विदत्) जानता है ।

मनुष्य उस ईश्वर को उपास्य, जगत् का धारक, अन्न को रुची अर्थात् उत्तम स्वाद देनेवाला और मनुष्योंका एक मात्र आश्रय जानकर उसकी उत्तम उपासना करे और उस ईश्वरको अपने अंदर ऐसा ही अनुभव करे अथवा मनन से उसके उक्त गुण जाननेका यत्न करे ।

स वज्रभृद्दस्युहा भीम उग्रः सहस्रचेताः शतनीथ ऋभ्वा ।
चम्रीषो न शवसा पाञ्चजन्यो मरुत्वान्नो भवत्विन्द्र ऊती ॥
ऋ. १ । १०० । १२

(सः) वह (मरुत्वान् इन्द्रः) प्राणशक्तिसे युक्त प्रभु (वज्रभृत्) शस्त्र धारी, (दस्युहा) शत्रुका नाश करनेवाला, (भीमः) भयंकर उग्र, (सहस्रचेताः) सहस्रों प्रकारके ज्ञानोंसे युक्त, (शतनीथः) बहुत प्रकारसे जगत् को चलानेवाला, (ऋभ्वा) प्रकाशमान (चम्रीषः न) रसयुक्तके समान सर्वत्र एक रस, (शवसा) बलसे (पांचजन्यः) पंचजनोंका हितकर्ता प्रभु (नः ऊती भवतु) हम सबका रक्षक होवे ।

उक्त प्रकार विविध शक्तियोंसे युक्त प्रभुकी रक्षामें रहनेसे ही सब सुरक्षित रह सकते हैं ।

सत्रा मदासस्तव विश्वजन्याः सत्रा रायोऽध ये पार्थिवासः ।
सत्रा वाजानाममवो विभक्ता यद्देवेषु धारयथा असुर्यम् ॥
ऋ. ६ । ३६ । १

हे ईश्वर ! (तव मदासः) तेरे आनंद (सत्रा विश्वजन्याः) सच मुच सब जनोंके हितकारी हैं, (अध) और (ये पार्थिवासः रायः) जो पृथ्वीपर के धन हैं, वेभी सबको लाभ कारी हैं । तू (वाजानां विभक्ता) तू धनोंका विभाजक (सत्रा अभवः) सचमुच हुआ है और तू ही (देवेषु असुर्यं) प्राणोंका बल (धारयथाः) धारण करता है ।

परमेश्वरके जो आत्मिक और अलौकिक आनंद हैं वे सचमुच सब लोगोंके हितकारी हैं । वही ईश्वर सबको यथा योग्य रीतिसे धनोंका विभाग करता है और वही सूर्यादि देवताओं में उत्तम बल स्थापन करता है ।

कविमग्निमुपस्तुहि सत्यधर्माणमध्वरे ।
देवममीवचातनम् ॥ ऋ० १ । १२ । ७

(अध्वरे) यज्ञ में सत्कर्म करनेके समय (अमीव-चातनं) रोग दूर करने वाले (सत्य-धर्माणं) सत्य नियम पालन करने वाले, (कविं) कवि (अग्निं देवं) तेजस्वी परमात्मदेव की ही (स्तुहि) प्रशंसा कर ।

परमात्म देव आरोग्य दाता, सत्य नियमोंका पालक, कवि अर्थात् शब्दका प्रवर्तक और अत्यंत तेजस्वी है, इसीलिये वह स्तुति करने योग्य है । उसकी स्तुति करनेसे उपासक के अंदर तेजस्विता बढती है ।

समानं नीळं वृषणो वसानाः सञ्जग्मिरे महिषा अर्वतीभिः ।
ऋतस्य पदं कवयो नि पान्ति गुहा नामानि दधिरे पराणि ॥
ऋ. १० । ५ । २

(वृषणः) बलवान् (महिषाः) बडी इच्छा धारण करनेवाले, (अर्वतीभिः वसानाः) चालक शक्ति के साथ रहनेवाले सज्जन (समानं नीलं) समान एक आश्रयस्थान को (संजग्मिरे) एक होकर पहुंचते हैं। (कवयः) ज्ञानी लोग (ऋतस्य पदं) सत्यके स्थानका (नि पान्ति) संरक्षण करते हैं और (गुहा) बुद्धिमें (पराणि नामानि) श्रेष्ठ नामोंको (दधिरे) धारण करते हैं।

श्रेष्ठ मनुष्य अपनी प्रबल इच्छा शक्ति के साथ उस एक ईश्वर के आश्रय स्थानको प्राप्त होते हैं। ज्ञानी लोग सदा सत्यका ग्रहण और असत्यका त्याग करते हैं। इसलिये हरएक की बुद्धिमें सदा श्रेष्ठ विचार धारण करके अपने आपको श्रेष्ठ बनाना चाहिये।

ऋतस्य हि वर्तनयः सुजातमिषो वाजाय प्रदिवः सचन्ते।
अधीवासं रोदसी वावसाने घृतैरन्नैर्वावृधाते मधूनाम्॥
ऋ. १०।५।४

(ऋतस्य) सत्यके (प्र-दिवः वर्तनयः) अत्यंत तेजस्वी सनातन मार्ग (इषः वाजाय) मनकी इच्छा और अन्न के लिये (सचन्ते) सहाय्य करते हैं। (रोदसी) द्युलोक और पृथ्वी (सुजातं) उत्तम प्रसिद्ध (अधिवासं) सर्व व्यापक को (वावसाने) बसाते हैं। (घृतैः) घी और (मधूनां अन्नैः) माधुर्ययुक्त अन्नों के द्वारा (वावृधाते) सब को पुष्ट करते हैं।

सनातन सत्य धर्म मार्ग का आक्रमण करनेसे सब मनुष्यों के मनोगत पूर्ण होते हैं, और इसी ढंगसे सब लोग बलवान भी बन सकते हैं। क्यों कि प्रसिद्ध ईश्वर सर्व व्यापक है और वह सब को घी अन्न आदि द्वारा पुष्ट बनाता है, इसलिये उसकी उपासना से सब को बल प्राप्त होता है।

असच्च सच्च परमे व्योमन्दक्षस्य जन्मन्नदितेरुपस्थे।
अग्निर्ह न प्रथमजा ऋतस्य पूर्व आयुनि वृषभश्च धेनु ॥
ऋ १०।५।७

(दक्षस्य जन्मन्) बलकी उत्पत्तिके समय (अ-दिते) अविनाशी मूल प्रकृतिके (उपस्थे) समीपके स्थानपर (परमे व्योमन्) अत्यंत विस्तृत आकाशमें (सत् च) तीनों कालोंमें एक जैसा रहने वाला अविकारी आत्मतत्त्व और (अ सत् च) इस आत्मासे भिन्न पदार्थ ऐसे दो पदार्थ थे। इस (पूर्व आयुनि) पूर्व अवस्थामें (ह न) निश्चयसे हम सबके अंदर (ऋतस्य प्रथमजा) सत्य धर्मका पहिला प्रवर्तक (अग्नि) तेजस्वी ईश्वर प्रकाशित हुआ जिसके साथ (वृषभ) बलवान आत्मा और (धेनु) कामधेनु अर्थात बुद्धि थी।

प्रकृति और ईश्वर अनादिकालसे हैं। ईश्वर प्रकृतिमें बलका संचार करता है। वही सत्य धर्मका पहिला प्रवर्तक है। बल और पोषण शक्ति, बलवान आत्मा और सुबुद्धि, ये सब परमेश्वरके साथ रहते हैं। अर्थात परमेश्वरसे सबको बल प्राप्त होता है। और परमात्मा से उत्तम बल प्राप्त होकर ही सब अपना कार्य योग्य रीतिसे करनेमें सफलता और सुफलता प्राप्त करते हैं।

यमोदन प्रथमजा ऋतस्य प्रजापतिस्तपसा ब्रह्मणेऽपचन्।
यो लोकाना विधतिर्नाभिरेषात्तमोदनेनाति तराणि मृत्युम्॥
अथर्व० ४।३५।१

मान है, उसके (तेन ओदनेन) पकाये उस सृष्टिरूपी चावलोंसे हम (मृत्युं अतितराणि) मृत्युके पार होते हैं।

परमेश्वरने इस विश्व की हंडीमें सृष्टि रूपी अन्नका पाक किया है, इसके बननेके लिये उसने अपनी ही उष्णता लगाई और अपने तेजसे यह अन्न उसने सिद्ध किया है। वह ईश्वर लोकोंका धारक और सब सृष्टिके मध्यमें वर्तमान है। उसका यह अन्न सेवन करता हुआ और उससे बल प्राप्त करता हुआ मैं मृत्युके परे जाऊंगा।

सूचना— पाठक इस प्रकार मंत्रोंका अभ्यास और अर्थ का मनन करें।

पाठ ५

शब्दानुकरण से भी कई शब्द बनते हैं जैसे- कौवा "कॉ कॉं" शब्द करता है इसलिये उस कौवेका नाम संस्कृतमें "काक" हुआ है। यह केवळ उस कौवेके शब्दका अनुकरण ही है। इसी प्रकार टिटिभ पक्षी "टिट् टिट्" ऐसा शब्द करता है इस लिये उसका यह नाम हुआ है।

औपमन्यव नामक वैय्याकरणाचार्य का मत है कि ये शब्द भी इस प्रकार केवल शब्दानुकरणसे नहीं बने हैं परंतु इनका भी यौगिक अर्थ है। परंतु कई अन्य आचार्य ऐसे शब्दों को केवल शब्दानुकरण ही मानते हैं। इस विषयमें प्रायः सर्वसंमत निरुक्ति के नियम ये हैं-

(१) जिन पदोंमें स्वर धातु प्रत्यय आदि स्पष्ट प्रतीत होते हों उनकी निरुक्ति व्याकरणोक्त रीतिसे ही करनी योग्य है। जैसा- दिव् धातु + अ प्रत्यय=" देव " शब्द सिद्ध हुआ। यह स्पष्ट व्युत्पत्ति है।

(२) जहां पूर्वोक्त प्रकार व्याकरण की स्पष्ट रीति से शब्द की व्युत्पत्ति नहीं दिखाई देती है वहां अर्थ की प्रधानता मानकर अर्थके अनुसार धातु आदिकी कल्पना करके पदकी निरुक्ति तथा अर्थ करना चाहिये। जैसा " नि गम् " धातुसे " निघण्टु " शब्द बनाना है, यहां स्पष्ट धातु नहीं है।

(३) जहां अर्थ की भी समानता नहीं है और धातु भी स्पष्ट नहीं दिखाई देता है वहां वर्ण की समानतासे योग्य धातुकी कल्पना करके अर्थ करना चाहिये- जैसा " गम् " धातुसे "गौ" शब्द बनाया। यहां केवल " ग " अक्षर की ही समानता है, न इस में गम् धातु स्पष्ट है और न अन्य कोई धातु।

अक्षर और वर्ण की समानतासे जो निर्वचन करने का ढंग है उस विषय में निम्न लिखित नियम ध्यान में रखने योग्य हैं।

१ धातु के आदि अक्षर का अवशेष-जैसा " प्र+दा " धातु से " त " प्रत्यय होकर " प्रत्त " रूप होता है। इसमें दा धातुके आदि अक्षर द का अवशेष " द्+त=त्त " हुआ है। वास्तविक 'प्रदात' रूप होना चाहिये था परंतु वैसा नहीं होता। यह उदाहरण इस नियम का है।

२ आदि अक्षर का लोप- जैसे धातु " अस् " है उसके प्रथम अक्षरका लोप होकर " स्तः, सन्ति " आदि रूप बनते हैं।

३ कई पदोंमें धातुके अंत्य अक्षरका लोप होता है- जैसे 'गम्' धातुमें त्वा प्रत्यय लगकर " गत्वा " रूप होता है।

४ कई उपान्त्य या मध्याक्षर का लोप होता है जैसे-गम् धातु से "जगमतुः" रूप होना चाहिये था, परंतु वैसा न होकर "जग्मतुः" होता है, यहां "गम्" धातुके मध्यम अ वर्णका लोप होता है जिस

से गम् का ग्म् बना और जग्मतुः, जग्मुः आदि गम् धातुके रूप बने हैं।

५ कई पदों में उपान्त्य अक्षर की वृद्धि होती है। जैसे-"राजन्" शब्द का रूप "राजा" होता है, "दण्डिन्" शब्द का दण्डी रूप होता है। यहां अन्त्य न् का लोप हुआ और उपान्त्य "अ अथवा ई" का दीर्घ हुआ।

६ कहीं किसी अक्षर का लोप हो जाता है। जैसे—"याच्" (याचना करना) इस धातुका वेद में रूप "यामि" होता है और "याचामि" नहीं होता। बीच के "चा" अक्षर का लोप हुआ। "तत्त्वा यामि" (ऋ० १।२४।११) इस मंत्रमें यामि शब्द "याचामि" शब्द के लिये आया है।

७ कई शब्दों में दो वर्णोंका भी लोप हो जाता है - जैसे "त्रि+ऋच्" इस से "तृच्" बनता है। यहां त्रिके र्+इ अर्थात् "रि" का लोप होकर केवल "त्+ऋच्" मिलकर तृच् हुआ है।

८ किसी शब्दमें आदि अक्षर का विपर्यय होता है जैसे - 'द्युत्' धातु से "द्योतिष्" शब्द बनने के स्थानपर "ज्योतिष्" शब्द बनता है। हन् धातुसे "घन" शब्द बनता है। भिद् धातुसे 'बिन्दु' शब्द होता है।

९ किसी शब्दमें अक्षरोंके स्थानमें बदल हो जाता है अर्थात् आदि अक्षर अन्तमें और अंत अक्षर आदिमें हो जाता है जैसे-सृज् धातुसे "सर्जु" शब्द बनना चाहिये परंतु "रज्जु" बनता है। सर्जुका रस्जु बनकर रज्जु होता है। कस् धातुसे कसिता बननेके स्थानपर "सिकता" बनता है। कृत् धातुसे कर्तु बनने के स्थानपर "तर्कु" बनता है।

१० किसी शब्दमें अन्त्य अक्षर का विपर्यय हो जाता है, जैसे- मिह् धातसे " मेघ, " वह् धातुसे "ओघ," गाह् धातुसे "गाध" शब्द बनते हैं, यहा धातु के अन्तिम हकारके स्थानपर अन्य अक्षर हुआ है। इसी प्रकार वह् धातु से "वध्र" बनता है, मह् धातुसे मधु बनता है।

११ कहीं नया अक्षर बीचमें घुस जाता है जैसे – अस्(क्षेपण) धातुसे " आस्थत् " बनता है। यहा बीचमें सकार घुसा है। निवारण अर्थके त्र (वार) धातुसे द्वार बनता है इसमें दकार बीचमें घुसा है।

ये नियम पाठक ध्यान में धारण करेंगे तो उनको शब्दोंकी सिद्धिके विषय में उत्तम ज्ञान हो सकता है। क्योंकि इन नियमोंके अनुसार ही प्राय सब शब्दोंकी व्युत्पत्ति सिद्ध की जाती है। पाठक इन नियमोंका खूब मनन करें और वैदिक शब्दों में इन नियमों के कार्य का अनुभव करें। ये ऊपर साधारण नियम दिये हैं, परंतु और भी कुछ विशेष नियम हैं जिनमें धातुका रूप ही बदल जाता है ऐसे नियम देखिये –

१२ संप्रसारण होता है। धातुके य र ल व इन अक्षरोंके स्थान पर इ ऋ ऌ उ होते हैं, इसका नाम सप्रसारण है-जैसे " यज् " धातुसे " इष्टि " शब्द होता है तथा " इष्टवान्, इष्ट्वा इष्ट' आदि शब्द बनते हैं, यहा यकार के स्थान में इकार हुआ है। अव् धातु के वकारके स्थानपर उकार होकर " ऊति " शब्द रक्षा अर्थमें बनता है। प्रथ् धातुसे " पृथु ' शब्द होता है। यहा रकार के स्थानपर ऋकार हुआ। इसी प्रकार म्रद् धातुसे " मृदु " शब्द हुआ है।

१३ दो शब्दोंके मेल से कई शब्दबनते हैं जैसा वेद का "पुरुष" शब्द है यद्यपि यह समास प्रतीत नहीं होता है तथापि यह आरंभ में समास ही है देखिये- पुरुष, (पुर्-उष, पुर-वस, पुरि-वस, पुरि-उष्) अर्थात् जो पुरी नगरीमें वसता है, रहता है, या सोता है वह पुरुष कहलाता है। यह शब्द " पुर वस " इन दो शब्दों से बना है, और वस के वकारका उ बन कर " पुर+उष=पुरुष" ऐसा शब्द हुआ। इसका उदाहरण देखिये-

वृक्ष इव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येकस्तेनेदं पूर्णं
पुरुषेण सर्वम् ॥ ऋग्वेद ॥

" वृक्षके समान स्तब्ध होकर (दिवि) द्युलोकमें (एकः) एक (तिष्ठति) ठहरता है (तेन पुरुषेण इदं सर्वं) उसमें आत्मा ने यह सब (पूर्णं) परिपूर्ण हुआ है। " इस मंत्रमें पुरुष शब्द आत्मा अर्थ में आया है। नगर निवासी मनुष्य इस अर्थ में भी पुरुष शब्दका प्रयोग होता है। देहनिवासी यह भी इसका अर्थ है। इस प्रकार मर्यादा के न्यूनाधिक होनेसे पुरुष शब्दके अनेक अर्थ हो सकते हैं। अर्थात् शरीर रूपी पुरी में रहने वाला जीवात्मा, नगर रूपी पुरीमें रहने वाला नागरिक मनुष्य, जगत् रूपी पुरीमें रहने-वाला परमात्मा इत्यादि अनेक प्रकार से अनेक अर्थ "पुरुष' शब्द के होते हैं।

वेदके शब्दोंको क्षेत्र के अनुसार देखना होता है यह बात विशेष है। कई शब्द ऐसे हैं कि जो क्षेत्रके विस्तार से भिन्न अर्थ बताते हैं जैसा देखिये इन्द्र शब्द है, शरीरके क्षेत्रमें रहनेवाला जीवात्मा, राष्ट्रके क्षेत्रमें रहने वाला राजा और जगत् के क्षेत्रमें रहने वाला परमात्मा ये इसके अर्थ हैं। इसी प्रकार अर्थ करनेमें सहायता मिलती है

—— ——

पाठ ६

इस पाठमें निम्नलिखित मंत्रोंका अभ्यास कीजिये—

इळा सरस्वती मही तिस्रो देवीर्मयोभुवः ।
बर्हिः सीदन्त्वस्रिधः ॥ ऋ. १ । १३ । ९

(इळा) मातृभाषा, (सरस्वती) मातृसभ्यता और (मही) मातृभूमि ये (तिस्रः देवीः) तीन देवताएं (मयोभुवः) कल्याण करनेवाली हैं । इसलिये ये तीनों देवताएं (बर्हिः) अंतःकरण में (अ-स्रिधः) न भूलते हुए (सीदन्तु) बैठें ।

" इळा " शब्द भाषा वाचक है, इळा और इडा ये दोनों शब्द " इल् " धातुसे बने हैं । इडा अथवा इळा शब्दके अर्थ बहुत हैं परंतु यहां भाषा अर्थ अपेक्षित है । अर्थ स्पष्ट होने के लिये यहां पूर्वोक्त मंत्रके अर्थमें " मातृभाषा " ऐसा अर्थ लिया है । जो जिन लोगों की जन्म भाषा होती है वह उनकी मातृभाषा कही जाती है ।

" सरस्वती " शब्दका मूल अर्थ (सरस्) प्रवाहसे युक्त है । अनादि प्रवाहसे गुरुशिष्यपरंपराद्वारा जो विद्याकी संस्कृति और सभ्यता आती है, उस प्रवाहमयी सभ्यताका नाम सरस्वती है ।

"मही" शब्द भूमिका वाचक है अर्थात् इसका अर्थ यहां मातृ-भूमि ही अभीष्ट है ।

ये तीनों देवियां हरएक मनुष्यके लिये उपासना करनेके योग्य हैं । इन तीन देवियोंके उपासक राष्ट्रके अंदर जितने अधिक होंगे उतना राष्ट्रका अधिक अभ्युदय निःसंदेह होगा । इसलिये वेदका कहना है कि इन देवियोंके लिये योग्य स्थान हरएक के हृदय में मिलना चाहिये । ये तीन देवियां कल्याण करनेवाली हैं इसलिये हरएक मनुष्य मनमें इन के विषयमें आदर धारण करे और इन के लिये अपना तन मन धन अर्पण करे ।

तिस्रो देवीर्बर्हिरेदं सदन्त्विडा सरस्वती मही ।
भारती गृणाना ॥ अथर्व. ५ । २७ । ९
तिस्रो देवीर्बर्हिरेदं सदन्त्विडा सरस्वती भारती। मही गृणाना।
वा. यजु. २७ । १९

(इडा) वाणी, (सरस्वती) विद्या और (मही भारती) भरण-कर्त्री भूमि ये (तिस्रः देवीः) तीन देवतायें (गृणाना) प्रशंसित होती हुई (बर्हिः सदन्तां) मनके अंदर बैठें । अर्थात् इनके लिये मनके अंदर योग्य आदर का स्थान हो ।

सरस्वती साधयन्ती धियं न इळा देवी भारती विश्वतूर्तिः ॥
तिस्रो देवीः स्वधया बर्हिरेदमच्छिद्रं पान्तु शरणं निषद्य ॥
ऋ. २ । ३ । ८

(नः धियं साधयन्ती) हमारी बुद्धियोंका साधन करनेवाली (सरस्वती) विद्या, (इळा) मातृभाषा, तथा (विश्वतूर्तिः भारती)सबसे विशेष मातृभूमि ये (तिस्रः देवीः) तीन देवियां (स्व-धया) अपनी धारणा शक्तिके साथ (इदं बर्हिः) यह यज्ञस्थान अर्थात् यह मन अपना (शरणं निषद्य) आश्रय देकर (अ—छिद्रं) दोषरहित रीति से (पान्तु) सुरक्षित करें ।

विद्या, भाषा और मातृभूमि ये तीन देवियां बडी शक्तिशाली हैं। अपनी शक्तिसे हमें आश्रय देकर हमारेसे यह हमारा शत सांवत्सरिक यज्ञ पूर्ण करावें । अर्थात् हमारी पूर्ण आयुतक इन तीन देवियोंकी भक्ति हमारेसे होती रहे ।

आभारती भारतीभिः सजोषा इळा देवैर्मनुष्येभिरग्निः ।
सरस्वती सारस्वतेभिरर्वाक् तिस्रो देवीर्बर्हिरेदं सदन्तु ॥
ऋ. ७ । २ । ८

(भारतीभिः भारती) भारतीके अर्थात् भूमिकी ऊपरकी जनता के साथ मातृभूमि (देवैः मनुष्यैः इळा) दिव्य मनुष्योंके

पोषक के समान (नः) हमारे लिये (सनि रद) धनादि भोग दे।

सरस्वती विद्यादेवीसे अनेकानेक धन प्राप्त होते हैं। विद्यासेही सुख साधन बढते रहते हैं। तथा वैयक्तिक और सामुदायिक उन्नति भी विद्याके बढने से हो सकती है।

यस्या अनंतो अह्रुतस्त्वेषश्चरिष्णुरर्णवः।
अमश्चरति रोरुवत्॥ ऋ० ६।६१।८

(यस्याः) जिस विद्याका (अनन्तः) अंतरहित (अह्रुतः) अकुटिल सीधा, (चरिष्णुः) आगे बढनेवाला (अर्णवः) समुद्र के समान गंभीर (रोरुवत्) शब्दमय (त्वेषः) तेजस्वी (अमः) सामर्थ्य (चरति) फैल रहा रहै।

इस जगत् में विद्याका वेग ऐसा बढ रहा है कि उसका कोई अंत नहीं है, जो सीधा बढनेवाला, गंभीर, तेजस्वी और बडा प्रभावशाली है। इसलिये इस विद्याके वेग को अपने अनुकूल बनाना, तथा स्वयं उस ज्ञानके वेगसे वेगवान् बनना चाहिये।

सूचना— विद्या प्रशंसाके ये मंत्र पढें, अर्थ का मनन करें और उसपर बहुत विचार करें।

(×०×)

" अंशु " नाम सोमका है। सोमवल्लि या विशेषतः सोम रस का यह नाम है। यह शब्द " अश्+ शं " इन दो शब्दोंसे बनाया जाता है (अशनाय शं भवति) अशन अर्थात् खानेके लिये शं अर्थात् हितकारी होता है। इस का उदाहरण यह है-

अंशुं दुहन्तो अध्यासते गवि ॥ ऋ. १०।९४।९

"(अंशुं) सोमका (दुहन्तः) रस निकालनेवाले (गवि) चर्म पर (अध्यासते) बैठने हैं।" यहां अंशु शब्दका प्रयोग सोम अर्थ में किया है। भक्षण करनेसे आनंद देनेवाला इस अर्थ में यह शब्द यहां है।

चर्म शब्द " चर " (चलना) धातुसे बनता है, शरीरके संपूर्ण बाह्य भागपर यह चलता है, जाता है या फैलता है।

वृक्ष शब्द " व्रश्च " (छेदन करना) इस धातुसे बना है जो छेदा जाता है अथवा जिससे शत्रुको छेदा जाता है इस अर्थ में यह शब्द बनता है। पहिले अर्थ में वृक्ष अर्थ और दूसरे अर्थ में लकडीसे बननेवाला धनुष्य अर्थ है इस दूसरे अर्थका उदाहरण देखिये-

वृक्षे वृक्षे नियता मीमयद्गौस्ततो वयः
प्रपतान्पूरुषादः ॥ ऋग्वेद. १०।२७।२२

" (वृक्षे वृक्षे) प्रत्येक धनुष्य पर (नियता) चढाई या तनी हुई (गौः) चर्म से बनी डोरी (अमीमयत्) शब्द करती है और (पुरुषादः) मनुष्यको खानेवाले (वयः) पक्षियों के सदृश बाणोंको (प्रपतान्) फेंकती हैं।"

यहां तीन शब्द मनन करने योग्य हैं-

१ वृक्ष- लकडीसे बना धनुष्य
२ गौ- गोचर्मसे बनी धनुष्यकी डोरी
३ वयः— पक्षियोंके पंख लगे बाण

यहां मूल शब्द ही उससे बने हुए पदार्थ के लिये प्रयुक्त हुआ है। वृक्ष शब्द खटिया, मंचक, मेज इस अर्थ में भी वेदमें प्रयुक्त है क्योंकि वृक्षकी लकडीसे ये पदार्थ बनते हैं। वेद की यह विशेषता पाठकोंको ध्यानमें धारण करनी चाहिये। अंश के लिये पूर्णका प्रयोग वेदमें बहुत स्थानपर होता है और उसके ये उत्तम उदाहरण हैं। बाणपर पक्षियोंके पंख लगते हैं इस लिये पक्षियोंका एक अंग बाणोंपर लगता है इस कारण बाणोंके लिये पक्षिवाचक शब्द का प्रयोग होता है। इसी प्रकार गोचर्मसे धनुष्यकी ज्या दोरी बनती है इसलिये ज्या के लिये गो शब्दका प्रयोग होता है, दूध गौ से मिलता है इस लिये दूधके लिये गो शब्दका उपयोग होता है। इसी प्रकार पाठक विचार करके जानें।

"निर्ऋति" शब्द पृथ्वीका वाचक है क्यों कि यह (नि+रम्=निरमयति) मनुष्यादि प्राणियों को वारंवार रममाण करती है, इससे प्राप्त होनेवाले फलों या फूलोंसे प्राणिमात्र रममाण होते हैं।

"निर्ऋति" शब्दका दूसरा अर्थ "कष्ट, दुर्गति, बुरी अवस्था" आदि प्रकार होता है। यह शब्द उपरोक्त शब्द से भिन्न शब्द है। यह शब्द "निर्+ऋच्छ" (कष्ट प्राप्त होना) इस धातुसे बनता है। पाठक यहां देखें कि यद्यपि ये दोनों शब्द एक जैसे दीखते हैं तथापि इनके बननेमें कितना अंतर है और इनके अर्थ में भी कितना भेद हैं। वस्तुतः ये दो शब्द एक दूसरे से भिन्न ही हैं।

"अंतरिक्ष" शब्द मध्य अवकाश अंतरिक्ष लोक का वाचक है (अंतरि) बीचमें (क्ष) निवास देनेवाला। क्षि धातु निवास करनेके अर्थ में है। यह शब्द पृथ्वी और सूर्यके बीच के स्थान का वाचक है। यह लोक अपने अंदर (अंतरि) अनेक पदार्थोंको (क्ष) स्थान देता है यह इसका अर्थ है।

" शंतनु " शब्द " शं+तनु " इन दो शब्दोंके योगसे बना है, (शं) सुखको जो (तनु) फैलाता है। " तन् " धातु फैलानेके अर्थमें है। इसका दूसरा भी अर्थ होता है, (शं) सुख है (तनु) शरीरमें जिसके अथवा शरीरसे जो सुखी है। इस रीतिसे शब्द सिद्ध करनेमें तन् धातुसे यह शब्द नहीं बना, परंतु दो शब्दोंका समास हुआ है। पाठक पूर्व शब्दसे इस शब्द की तुलना करें।

" पुरोहित ' शब्दमें दो शब्द हैं। " पुरः + हितः ' इसका अर्थ (पुरः) आगे अग्र भागमें (हितः) रखा हुआ। सब कार्य में जिसको आगे रखा जाता है।

" स्वः " शब्दके वेदमें अनेक अर्थ हैं, परंतु उसका"आदित्य" भी एक प्रधान अर्थ है। (सु + अर् = स्वर् = स्वः) ये दो शब्द इसमें हैं। (सु) उत्तम प्रकारकी (अर्) गति से युक्त होने के कारण " स्वः " शब्द आदित्य वाचक होता है । इसी प्रकार शोभन गतिसे युक्त पदार्थोंका यह नाम हो सकता है। इसीप्रकार दूसरा अर्थ " सु + ईरणः " अर्थात् उत्तम प्रकार से दूर करनेवाला. सूर्य अंधकारको दूर करता है, इसलिये उसका वाचक यह शब्द है।

" नाक " शब्द सूर्य वाचक है। नायक शब्द के मध्य यकार को उडानेसे " नाक " शब्द होता है अर्थात् यह नायक अर्थमें है। सूर्य अपनी ग्रहमाला का नायक होनेसे इसका यह नाम है। इसका दूसरा अर्थ " न + अ + क " इसप्रकार व्युत्पत्तिसे बनता है। क शब्द सुखवाचक है। अक शब्द दुःख वाचक बना, फिर उसका नकारने निषेध किया, इससे न + अक (नाक) शब्द सुख वाचक बना। यह सूर्य सबके सुख का हेतु है इसलिये इस का यह नाम है।

" दिशा " शब्द " दिश् ' धातुसे बना है, दिशा बताने का भाव इसमें है। " काष्ठा " शब्द भी दिशा वाचक है, (क्रान्त्वा स्थिताः) उलांघकर ठहरती है, जितना भी आगे देखा जाय उतनी आगे भी वही दिशा रहती ही है, सब मर्यादा को उलांघकर वह रहती है इसलिये उसका यह नाम है।

सूर्यका भी नाम " काष्ठा " है इसलिये कि वह सबको उलांघ कर ठहरता है। इसीप्रकार अन्यान्य पदार्थोंका नाम काष्ठा होता है। जिनमें उक्त गुण होगा।

" शरीर " शब्द " शृ ' (हिंसा करना) इस धातुसे बनता है। शरीर नष्ट होता रहता है, क्षीण होता रहता है इस अर्थ का यह धातु इसमें है।

" तमः " शब्द अंधकार वाचक है, यह अंधकार फैला हुआ होता है, इसलिये "तन्" (फैलना) इस धातुसे यह शब्द बनता है, जो एकदम सर्वत्र फैल जाता है।

" दास " शब्द "दस ' (क्षयको प्राप्त होना) इस धातुसे बनता है। जो दुष्ट कर्मों द्वारा अपना नाश करता है वह दास शब्द द्वारा बोधित होता है। गुलाम, हीन, दस्यु आदि जो हीन कर्ममें रमता है और अपने हीन कर्मोंद्वारा अपना नाश करता है उसका यह नाम है।

सूचना।

पाठक इस प्रकार वैदिक शब्दोंके अर्थ देखें और उनकी व्युत्पत्ति करनेका विधि जाने। इस पुस्तकमें कई शब्दों की व्युत्पत्तियां और निरुक्तियां दी हैं, इनका विचार पूर्वक मनन करनेसे पाठकों को यह बात ज्ञात हो सकती है।

पाठ ८

इस पाठमें निम्न लिखित मंत्रोंका अध्ययन कीजिये—

सरस्वतीं देवयन्तो हवन्ते सरस्वतीमध्वरे तायमाने ।
सरस्वतीं सुकृतो अह्वयन्त सरस्वती दाशुषे वार्यं दात् ॥
ऋ० १० । १७ । ७

(देवयन्तः) देवता बननेकी इच्छा करने वाले (सरस्वतीं) विद्यादेवी को (हवन्ते) बुलाते हैं, प्राप्त करते हैं। (अध्वरे तायमाने) यज्ञके फैलानेके समय (सरस्वतीं) विद्यादेवीकी उपासना होती है। (सु-कृतः) अच्छा कर्म करने वाले (सरस्वतीं अह्वयन्त) विद्या देवी को ही पुकारते हैं। यह सरस्वती अर्थात् विद्यादेवी (दाशुषे) दाताको (वार्यं दात्) सामर्थ्य देती है।

उक्त अवस्थाओंमें विद्यादेवीकी उपासना लोग करते हैं। विद्यासे बल बढता है और सब उन्नति और पुरुषार्थ करना मनुष्य के लिये सफल होता है। इस लिये हरएक मनुष्यको अपने अंदर विद्याका बल बढाना चाहिये। ज्ञानसे अपने सब सुखसाधन परिपूर्ण करने चाहिये।

(अथर्व-- १२ । १)

" वैदिक धर्म " में राष्ट्रीय भावना और सार्वजनिक हित की कल्पना प्रमुख होनेके कारण " मातृभूमि " के विषय में अत्यन्त आदर का भाव होना स्वाभाविक ही है। अथर्व वेदमें एक "वैदिक राष्ट्रीय-गीत " अथवा " मातृभूमिका सूक्त " इसी मातृभूमि की भक्तिका द्योतक प्रसिद्ध है सूक्त कारोंने इसका विनियोग निम्नप्रकार किया है-

(१) ग्राम पत्तनादि रक्षणार्थे ।

(२) पुष्टिकाम , कृषिकाम , व्रीहियवाद्मकाम , पुत्रधनादि काम , मणिहिरण्यादिकाम , पथिवीमहाशांतिकाम , भूमिकाम पृथिवीं उपतिष्ठते । (अथर्व सा० भा०)

" (१) ग्राम पत्तन नगर राष्ट्र आदिकी रक्षा के समय, तथा (२) पुष्टि कृषि, धनधान्य आदिकी प्राप्तिके प्रयत्न करने के समय, भूमिकी प्राप्तिके लिये प्रयत्न करनेके समय तथा मातृभूमिमें जिस समय अशांति होती है, उस समय देश में पुन शान्ति प्रस्थापित करने के अवसर पर इस "भूमि सूक्त" का पाठ किया जाता है।

इस लिये हर एक वैदिक धर्मी को इस सूक्त का अध्ययन तथा मनन करना आवश्यक है। इस सूक्तके कई मंत्र यहा दिये जाते हैं।

सत्य बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञ पृथिवीं धारयन्ति ।
सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युरुं लोक पृथिवी न कृणोतु ॥ १ ॥

(सत्य) सत्य, (बृहत्) बड़, (ऋत) न्याय्य व्यवहार (उग्र) क्षात्र तेज, (दीक्षा) दक्षता (तप) द्वन्द्व सहन करनेकी शक्ति, (ब्रह्म) ज्ञान (यज्ञ) सत्कार-सगति दानात्मक शुभ कर्म, ये आठ गुण (पृथिवीं) मातृभूमि का (धारयन्ति) धारण करते हैं॥ (सा) वह (न) हमारी (पृथ्वी) मातृभूमि, जो हमारे (भूतस्य) भूत और (भव्यस्य) भविष्य तथा वर्तमान अवस्था की (पत्नी) पालन करने वाली है, वह (न) हमारे लिये (उरु लोक) विस्तृत स्थान (कृणोतु) कर ।

मातृभूमि की स्वतन्त्रताका सरक्षण जिन श्रेष्ठ सद्गुणोंसे होता है ये आठ गुण य हैं - (१) सत्यनिष्ठा (२) बड़ा सवर्धन, (३) न्याय्य व्यवहार, (४) प्रखर क्षात्र तेज, (५) कर्तव्य दक्षता, (६) शीत उष्ण सहन करने की शक्ति (७) ज्ञान आध्यात्मिक,

आधिभौतिक और आधिदैविक-ज्ञान तथा विज्ञान, और (८) मेहों का सत्कार, आपस की एकता और अनाथों की सहायता करनेके लिये आवश्यक कर्तव्य कर्म करना। इन गुणों से अर्थात् ये गुण जनतामें बढनेसे-मातृभूमि का धारण होता है। इन गुणों से जिस मातृभूमिका धारण हुआ है, वैसी मातृभूमि वहां के लोगोंके भूत भविष्य और वर्तमान कालीन अवस्था का संरक्षण करती है। और वहां के लोगों को अपने देशमें जितना चाहिये उतना विस्तृत स्थान, अर्थात् फैलानेके लिये स्थान देती है। तात्पर्य यह है कि उक्त आठ गुणों से मातृभूमि की स्वतंत्रता का संरक्षण हो और अपने देशमें हरएक को अपने विस्तार के लिये पर्याप्त विस्तृत क्षेत्र प्राप्त हो ॥ १ ॥

असंबाधं मध्यतो मानवानां यस्या उद्वतः प्रवतः समं बहु।
नाना वीर्या ओषधीर्या बिभर्ति पृथिवी नः प्रथतां राध्यतां नः॥२॥

(यस्याः) जिस मातृभूमिके (मानवानां) मननशील मनुष्यों के (मध्यतः) अंदर (उत्-वत) उच्चता और (प्र-वतः) नीचता तथा (समं) समता के विषयमें (बहु) बहुत ही (अ-सं-बाधं) निर्वैरता है। और (या) जो (नाना वीर्या ओषधी) नाना प्रकारके वीर्योंसे युक्त औषधियों को (बिभर्ति) धारण पोषण करती है, (नः पृथिवी) वह हमारी मातृभूमि (नः प्रथतां) हमारी कीर्तिका (राध्यतां) साधन होवे।

जिस हमारे राष्ट्र के विचारशील मनुष्यों में परस्पर द्रोहभाव नहीं है प्रत्युत उनमें पूर्ण ऐक्यभाव है, और उनमें उच्चता,नीचता और समता के विषय के कोई झगडे नहीं हैं। तथा जो हमारी मातृभूमि विविध गुणों से युक्त अनन्त औषधिवनस्पतियों को उपजाती है, वह हमारी मातृभूमि हमारे यश को फैलाने के लिये कारणीभूत हो ॥ २ ॥

यस्यां समुद्र उत सिन्धुरापो यस्यामन्नं कृष्टयः सं बभूवुः ।
यस्यामिदं जिन्वति प्राणदेजत् सा नो भूमिः पूर्वपेये दधातु ॥३॥

(यस्यां) जिसमें समुद्र (उत) और (सिन्धुः) नदी तथा (आपः) जलाशय बहुत हैं और (यस्यां) जिसमें (कृष्टयः) खेतियां (अन्नं) अन्न की (सं बभूवुः) उत्पत्ति करतीं हैं (यस्यां) जिसपर (इदं प्राणत्) यह श्वास लेने और (एजत्) हलचल करने वाला प्राणिजात (जिन्वति) चलता फिरता है, (सा) वह (भूमिः) हमारी मातृभमि (नः) हमको (पूर्व-पेये) पूर्ण पेय अर्थात् समस्त खानपान के पदार्थ (दधातु) दे ।

जिस हमारी मातृभूमि में समुद्र, नद, नदियां, तालाब, कूप, झील, झरने आदि बहुत हैं, उनके जलसे सब कृषीवल अनेक प्रकार की खेतियां करके जहां विविध धान्यादि उत्पन्न करते हैं, तथा उस अन्न और पान का सेवन करके अनेक उत्तम उत्तम प्राणी जहां आनन्द से रहते हैं वह हमारी मातृभूमि उत्तम खानपान हमें देती रहे । अर्थात् ऐसा कभी न हो कि हमारी मातृभूमि से उत्पन्न हुए अन्नसे दूसरे पुष्ट होते रहें और हमको खाने को कुछ भी न मिले ॥ ३ ॥

यस्यां चतस्रः प्रदिशः पृथिव्या यस्यामन्नं कृष्टयः संबभूवुः ।
या बिभर्ति बहुधा प्राणदेजत् सा नो भूमिर्गोष्वप्यन्ने दधातु ॥४॥

(यस्याः पृथिव्याः) जिस मातृभूमि की (चतस्रः प्रदिशः) चारों दिशाओं में (कृष्टयः) विविध खेतियां (यस्यां) जिसमें (अन्नं) अन्न को (सं बभूवुः) उत्पन्न करती हैं और उससे (या) जो भूमि (एजत् प्राणत्) घूमनेवाले प्राणिमात्र को (बहु-धा) बहुत प्रकार से (बिभर्ति) पुष्ट करती है (सा) वह (नो भूमि) हमारी मातृभूमि हमें (गोषु) गौओं में और (अन्ने अपि) अन्नमें भी (दधातु) रक्खे ।

जिस हमारी मातृभूमि में चारों दिशाओं में खेती से विविध प्रकार का अन्न उत्पन्न होता है, जिस को खा कर सब प्राणिमात्र हृष्ट पुष्ट होते हैं और आनन्द से जिस पर विचरते हैं, वह भूमि हमें विपुल अन्न और गौयें देनेवाली होवे। अर्थात् हम सदा अन्न और गौवों के बीचमें मातृभूमि की कृपासे रहें। ऐसा कभी न हो कि हमारी मातृभूमि की गौवों का दूध और कृषि से उत्पन्न हुआ अन्न दूसरे ही ले जांय और हम वंचित ही रहें ॥ ४ ॥

यस्यां पूर्वे पूर्वजना वि चक्रिरे यस्यां देवा असुरानभ्यवर्तयन् ।
गवामश्वानां वयसश्च विष्ठा भगं वर्चः पृथिवी नो दधातु ॥५॥

(यस्या) जिस मातृभूमि में हमारे (पूर्वे) प्राचीन (पूर्व-जनाः) पूर्वजों ने (वि-चक्रिरे) विविध कर्तव्य किये थे और (यस्यां) जिस में (देवाः) देवों ने (असुरान्) असुरों को (अभ्यवर्तयन्) हराया था। तथा जो (गवां) गौओं, (अश्वानां) घोडों (च वयसः) और पक्षियों का (वि-स्था) विशेष निवास स्थान है, वह (नः पृथिवी) हमारी मातृभूमि हमें (भगं) ऐश्वर्य और (वर्चः) तेज (दधातु) देवे।

जिस मातृभूमि में हमारे प्राचीन पूर्वजोंने विविध प्रकार के पराक्रम किये थे, जिसमें सज्जनों ने दुष्टों का पराभव किया था और जिसमें गौवें, घोडे तथा अन्य पशुपक्षी भी आनन्द से रहते हैं, वह हमारी आश्रयदात्री मातृभूमि हमें ऐश्वर्य और तेज देने-वाली होवे ॥ ५ ॥

विश्वंभरा वसुधानी प्रतिष्ठा हिरण्यवक्षा जगतो निवेशनी ।
वैश्वानरं बिभ्रती भूमिरग्निमिन्द्रऋषभा द्रविणे नो दधातु ॥६॥

(विश्वं-भरा) सब का पोषण करनेवाली, (वसुधानी) रत्नों की खान, (प्रतिष्ठा) सब का आधार, (हिरण्य वक्षाः) जिसके अन्दर सुवर्ण है, (जगतः निवेशनी) प्राणियों का निवास

पाठ ९

" पणि " शब्द बनियेका वाचक है, यह " पण् " (व्यवहार करना) इस धातुसे बनता है। " वणिक्" शब्द भी उसी पणि शब्द का ही रूप है। पणि- पणिक- वणिक- वणिक् इस प्रकार इस की उत्पत्ति है। (पण्यं नेनेक्ति) बेचनेके पदार्थ नित्य ले जाता है। इसलिये उसको वणिक् कहते हैं।

" बिल " शब्द की उत्पत्ति बडी विचित्र है। " भृ " (भरण करना) इस धातुसे " भर " शब्द बनता है। भर- भल- भिल- बिल इस प्रकार अंतमें बिल शब्द बना। भ अक्षर का ब बनता है और अकार का इ भी बनता है।

" कृष्ण " शब्द कृष् धातुसे बना है। जिसमें कर्षण अथवा निकृष्टता होती है उस वर्णका नाम कृष्ण (काला) है।

" अह. " शब्द दिनवाचक है (उपाहन्ति अस्मिन् कर्मणि) इस दिनमें सब कर्म किये जाते हैं। अ+हर् शब्द में यहां "आ+ह" धातकी कल्पना की है। इन दोनों शब्दों के उदाहरण के लिये निम्न लिखित मंत्र देखिये-

अहश्च कृष्णमहर्जुनं च विवर्तेते रजसी वेद्याभिः ॥

ऋ० ६। ९। १

(" कृष्णं अहः च) काला दिन अर्थात् रात्रो और (अर्जुनं अहः च) श्वेत दिन अर्थात् दिन ये दोनों (रजसी) शोभा वाले (वेद्याभिः) ज्ञातव्य निज प्रकृतिके साथ (विवर्तेते) सदा विरुद्ध भावके साथ रहते हैं। " अर्थात् दिन और रात्री अपने विरुद्ध गुणों से युक्त हैं।

र और ल का अभेद होता है। वेदमें यह नियम बहुत स्थानोंमें दिखाई देता है जैसा मेघवाचक " उपर, उपल " ये शब्द लीजिये।

कराने वाली, (वैश्वा-नरं) सब मनुष्य समूह रूप (अग्नि) अग्निका (बिभ्रती) धारण पोषण करनेवाली और (इन्द्र-वृषभा) इन्द्रसे जिसपर वृष्टि होती है, ऐसी हमारी (भूमिः) मातृभूमि (नः) हमको (द्रविणे) धन और बल के बीचमें (दधातु) रक्खे ।

जो हमारी मातृभूमि सब प्रकारके रत्न, सोना, चांदी आदि की खान है, सब प्रकार के खान पान देकर जो सब प्राणियों का पोषण कर रही है मनुष्यसमुदायरूपी राष्ट्रीय अग्निको जो जगाती है और जहां स्वयं इन्द्र ही वृष्टि करता है वह हमारी श्रेष्ठ मातृभूमि हमें सब प्रकारके धनोंके बीचमें रखे ॥ ६ ॥

यां रक्षंत्यस्वप्ना विश्वदानीं देवा भूमिं पृथिवीमप्रमादम् ।
सा नो मधु प्रियं दुहामथो उक्षतु वर्चसा ॥ ७॥

(विश्व-दानीं) सब कुछ देनेवाली (यां पृथिवीं भूमिं) जिस विस्तृत मातृभूमि की (अ-स्वप्नाः) सुस्ती न करने वाले (देवाः) देवता लोग (अ-प्रमादं) प्रमाद रहित होकर(रक्षन्ति) रक्षा करते हैं, (सा) वह (नः) हमको (प्रियं मधु) प्रिय मधु (दुहां) देती रहे (अथो) और (वर्चसा) तेजके साथ (उक्षतु) बढ़ावे ।

जिस हमारी मातृभूमि की रक्षा ज्ञानी और शूर पुरुष प्रमाद-रहित होकर और सुस्ती को छोड़कर करते आये हैं, वह हमें सब कुछ देनेवाली मातृभूमि सदा हमारे लिये मीठे मीठे पदार्थ देती रहे और हमारा तेज और बल बढ़ाती रहे ॥ ७ ॥

पाठ ९

" पणि " शब्द बनियेका वाचक है, यह " पण् " (व्यवहार करना) इस धातुसे बनता है। " वणिक् " शब्द भी उसी पणि शब्द का ही रूप है। पणि- पणिक- वणिक- वणिक् इस प्रकार इस की उत्पत्ति है। (पण्यं नेनेक्ति) बेचनेके पदार्थ नित्य ले जाता है। इसलिये उसको वणिक् कहते हैं।

" बिल " शब्द की उत्पत्ति बडी विचित्र है। " भृ " (भरण करना) इस धातुसे " भर " शब्द बनता है। भर- भल भिल- बिल इस प्रकार अंतमें बिल शब्द बना। भ अक्षर का ब बनता है और अकार का इ भी बनता है।

" कृष्ण " शब्द कृष् धातुसे बना है। जिसमें कर्षण अथवा निकृष्टता होती है उस वर्णका नाम कृष्ण (काला) है।

" अह " शब्द दिनवाचक है (उपाहन्ति अस्मिन् कर्माणि) इस दिनमें सब कर्म किये जाते हैं। अ+हन् शब्द में यहां "आ+हृ" धातुकी कल्पना की है। इन दोनों शब्दों के उदाहरण के लिये निम्न लिखित मंत्र देखिये-

अहश्च कृष्णमहरर्जुनं च विवर्तेते रजसी वेद्याभिः ॥

ऋ० ६ । ९ । १

(" कृष्णं अहः च) काला दिन अर्थात् रात्रो और (अर्जुनं अहः च) श्वेत दिन अर्थात् दिन ये दोनों (रजसी) शोभा वाले (वेद्याभिः) ज्ञातव्य निज प्रकृतिके साथ (विवर्तेते) सदा विरुद्ध भावके साथ रहते हैं। " अर्थात् दिन और रात्री अपने विरुद्ध गुणों से युक्त हैं।

र और ल का अभेद होना है। वेदमें यह नियम बहुत स्थानोंमें दिखाई देता है जैसा मेघवाचक " उपर, उपल " ये शब्द लीजिये।

र के स्थानपर ल हुआ है। वास्तवमें उपल शब्द पत्थरका वाचक है। मेघोंसे ओले (पत्थर जैसे) गिरते हैं इस लिये मघोंका ही यह नाम हुआ। " उपर " शब्द में 'उप+रम्' धातु है। जिस में लोग रमते हैं, जिसकी शोभा देखकर जन रमते हैं उसका नाम ' उपर " (मेघ) है।

प्रथम शब्दकी भी उत्पत्ति देखिये प्रकृष्टतम प्रतम प्रथम इस प्रकार बीचके दो अक्षर लुप्त हो गये हैं और तके स्थानपर थ हुआ है।

" शुष्म " शब्द बलवाचक है, " शुष् " (शोषण करना) इस धातुसे बनता है। बल से शत्रु की शक्ति शुष्क की जाती है।

" सानु " शब्द पर्वत शिखर का वाचक है, इसकी निरुक्ति ऐसी है। (स + उत् + नुम्न) समुन्नुम्न= समुन्नु=सन्नु= सानु मूल शब्द का संक्षिप्तरूप इस प्रकार बना। समुन्नम्न शब्द का अर्थ " अत्यत उच्च स्थान, " यही सानु शब्दका अर्थ है।

" पर ' शब्द ' पार " शब्द का ही रूप है, पर शब्द का अर्थ परला है।

"मुहूर्त शब्द कुच्छ कालका वाचक है, इसकी उत्पत्ति"मुहु + ऋतु"=मुहुर्+ऋतु= मुहूर्त " यह है। ऋतुका अर्थ कालविभाग है, वारवार होने वाला काल विभाग मुहूर्त कहलाता है।

" काल " शब्द " कल् ' (गतौ) धातुसे बनता है। यह समय सदा चल रहा है इसलिये इसको काल कहते हैं। कल् धातुका अर्थ नाश भी है। काल सबका संहार करता है इसलिये उसका यह नाम है।

" पाणि ' शब्द हाथ का वाचक है। पण धातु व्यवहार काम काज करना आदिका वाचक है। इससे पाणि शब्द बनता है। हाथ से काम काज किया जाता है इस लिये यह नाम सार्थ है।

" पथ, पन्था " शब्द मार्ग वाचक है, पत् अथवा पथ् धातुसे यह बनता है, पांवसे चला जाता है, एक स्थानसे दूसरे स्थानतक पहुंचाता है, इसलिये इसका यह नाम हुआ है। •

" अपत्य " शब्द में (अ+पत्य) ये दो शब्द हैं। अपतन अर्थात् जिससे पतन नहीं होता, कुलका अधःपात जिससे नहीं होता, उसका नाम अपत्य अर्थात् संतान है।

" दुहिता " शब्द पुत्रीका वाचक है, " दूरे+हिता " अर्थात् दूर रहनेपर हितकारी यह इसका आशय है। दूरे हिता= दुर्हिता= दुहिता इस प्रकार इसकी निरुक्ति है।

" श्मशान " शब्द प्रेतदाह करनेके स्थान का वाचक है इस में श्म+शान ये दो शब्द हैं। श्म शब्द शरीर वाचक और शान शब्द शयन वाचक है। जहां शरीर अंतमें शयन करता है उस स्थानका वाचक यह शब्द है।

" श्मश्रु " शब्द बालोंका वाचक, दाढीमूंछका वाचक है। इस का अर्थ (श्म+श्रु) श्म अर्थात् शरीरमें श्रित अर्थात् जो आश्रित है, शरीरके आश्रयसे जो रहता है, उसका नाम श्मश्रु है।

" लोम " शब्द बालका वाचक है। यह " लु " (काटना) इस धातुसे बना है। जो काटे जाते हैं उनका नाम लोम है।

" जामि " शब्द बहिनका वाचक है, "जन्" (उत्पन्न करना) इस धातुसे यह शब्द बनता है। इसमें पति पुत्रको उत्पन्न करता है।

" निषाद " शब्द पंचम वर्णका वाचक है, " नि+षद् " (नीचे बैठना) इस धातुसे इसकी उत्पत्ति है, सबसे नीचे बैठनेका अधिकारी यह है। आर्य धर्म में पांच जन हैं, उसका वर्णन निम्नलिखित मंत्रमें पाठक देखें—

यत्पांचजन्यया विशेन्द्रे घोषा असृक्षत।
अस्तृणाद् बर्हणा विपोऽर्यो मानस्य स क्षयः॥ ऋ० ८।६३।

(यत्) जो (पांचजन्यया विशा) पांचों जनोंके समूहरूप प्रजासे (इन्द्रे) राजाके लिये (घोषः असृक्षत) शब्द निकलते हैं तब (सः विप्रः) वह बुद्धिमान. (अर्यः) समर्थ श्रेष्ठ, (मानस्य क्षयः) संमान का अधिष्ठाता राजा (बर्हणा अस्तृणात्) अपने सामर्थ्य से शत्रुओं को दूर करता है ।

इसमें पंच जनोंका वर्णन है और पंचजनों की शक्तिका भी वर्णन इसमें है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और निषाद ये पंचजन हैं। इनकी सहायता राजाके लिये मिलनी चाहिये। यह भाव उक्त मंत्रमें है।

" अन्न " शब्द " अद् " (खाना) इस धातुसे बना है। जो खाया जाता है उसका नाम अन्न है।

" बल " शब्द शक्तिका वाचक है। यह "भृ" (धारणपोषण करना) इस धातुसे बनता है। भृ धातुसे भर शब्द बनता है और उससे भर--बर--बल इस प्रकार रूपान्तर को प्राप्त होता है।

" धन " शब्द द्रव्य अथवा संपत्ति का वाचक है। यह शब्द तर्पण अर्थवाली " धि " अथवा "धन्" धातुसे बना है। जिससे तृप्ति होती है, जिससे धन्यता प्रतीत होती है उसका नाम धन है।

" क्षिप्र " शब्द शीघ्रताका वाचक है, इसका साम्य " सं--क्षिप्त " शब्द के साथ है। समयको संक्षिप्त रूपमें लानेका नामही शीघ्रता करना है।

" बहु " शब्द प्रसिद्ध है, वह " प्रभु " शब्दके साथ संबंधित है। प्रभु पभु पहु बहु इस प्रकार यह शब्द बन गया।

" गृह ' शब्द घरका वाचक है यह " ग्रह " (लेना) धातु से बना है। (गृह्णाति इति गृहं) जो कुटुंबियोंको लेता है उसका नाम घर है।

" सुख ' शब्द सब जानते ही हैं। (सु) उत्तम प्रकारसे (खं)

इंद्रिय जिससे रहता है उसका नाम सुख है। जिससे इंद्रियों को आराम होता है।

सूचना।

इस प्रकार पाठक शब्दोंकी व्युत्पत्तियां देखें और अनुभव करें कि यौगिक अर्थ इस रीतिसे देखे जाते हैं।

पाठ १०

यार्णवेऽधि सलिलमग्र आसीद्यां मायाभिरन्वचरन्मनीषिणः।
यस्या हृदयं परमे व्योमन्त्सत्येनावृतममृतं पृथिव्याः॥
सा नो भूमिस्त्विषिं बलं राष्ट्रे दधातूत्तमे॥ ८॥

(अग्रे) प्रारंभ में (या) जो (अर्णवे) समुद्र के (अधि) ऊपर (सलिलं) जलरूप (आसीत्) थी। और (मनीषिणः) बुद्धिमान् लोग (मायाभिः) बुद्धि और कुशलता आदि से (यां) जिस की (अन्वचरन्) सेवा करते आये हैं (यस्याः पृथिव्याः हृदयं) जिस पृथ्वीका हृदय (परमे व्योमन्) बडे आकाशमें (सत्येन आवृतम्) सत्य से आवृत होने के कारण (अ-मृतं) अमृतरूप है। (सा) वह (नः) हमारी (भूमिः) मातृभूमि हमारे (उत्तमे राष्ट्रे) उत्तम राष्ट्र में (त्विषिं) तेज और (बलं) बल (दधातु) धारण करे।

प्रारंभमें जो समुद्र के बीचमें थी, जिसका बीचका भाग भी सत्य आत्मा से व्याप्त है, जिस की सेवा ज्ञानी लोग बुद्धि से और कुशलता से करते आये हैं, वह मातृभूमि हमारे श्रेष्ठ राष्ट्रमें उत्तम तेजस्विता और बल की वृद्धि करे॥ ८॥

यस्यामापः परिचराः समानीरहोरात्रे अप्रमादं क्षरन्ति।
सा नो भूमिर्भूरिधारा पयो दुहामथो उक्षतु वर्चसा॥ ९॥

पाठ ११

भूम्यां देवेभ्यो ददति यज्ञं हव्यमरं कृतम् ।
भूम्यां मनुष्या जिन्वंति स्वधयान्नेन मर्त्याः ॥
सा नो भूमिः प्राणमायुर्दधातु जरदष्टिं मा पृथिवी कृणोतु ॥२२॥

(भूम्यां) हमारी मातृभूमि में (देवेभ्यः) अग्न्यादि देवों के लिये (अरंकृतं) सुसंस्कृत किये हुए (हव्यं) हवनीय पदार्थों का (यज्ञं) यज्ञ (ददति) करते हैं । इसी (भूम्यां) भूमिपर (मर्त्याः मनुष्याः) मरण धर्म वाले मनुष्य (स्व-धया) अपनी धारणा शक्तिसे और अन्न से (जिन्वन्ति) जीवित रहते हैं । इस प्रकार की (सा) वह (नः पृथिवी भूमिः) हमारी विस्तृत मातृभूमि हमारे लिये (प्राणं) प्राण का बल, (आयुः) दीर्घ आयु (दधातु) देवे और (मा) मुझे (जरदष्टिं) वृद्ध अर्थात् अति दीर्घ आयुसे युक्त (कृणोतु) करे ॥

जिस भूमिमें देवों के प्रीत्यर्थ यज्ञयाग और इष्टियां करते हैं और जहां सब मनुष्य उत्तम अन्न का भोग करके अपनी निज धारणा शक्ति से उन्नत होते रहते हैं, वह हमारी मातृभूमि हमारे लिये आयु आरोग्य और दीर्घ जीवन तथा बल देवे ।

शिला भूमि रश्मा पांसुः सा भूमिः संधृता धृता ।)
तस्यै हिरण्यवक्षसे पृथिव्या अकरं नमः ॥ २६ ॥

(शिला) शिला (अश्मा) पत्थर तथा (पांसुः) धूलिरूप यह (भूमिः) मातृभूमि है । (सा) उसका (सं-धृता) उत्तम रीतिसे धारण होने पर ही यह (धृता) समंरक्षित होती है । (तस्यै) उस (हिरण्य-वक्षसे) अपने अन्दर सुवर्ण धारण

करनेवाली (पृथिव्यै) मातृभूमि के लिये मैं (नमः) नमन (अकरं) करता हूं।

जिस में मिट्टी, पत्थर, शिला आदि हैं और सोना चांदी आदि खनिज पदार्थ भी विपुल हैं वह हमारी मातृभूमि है। इसका प्रथम मंत्रोक्त आठ गुणों से उत्तम प्रकार धारण होने से ही इसकी स्व-तंत्रताकी रक्षा होती है। इस लिये इस प्रकारकी वंदनीय मातृ-भूमि के लिये मेरा प्रणाम है।

यस्यां वृक्षा वानस्पत्या ध्रुवास्तिष्ठन्ति विश्वहा।
पृथिवीं विश्वधायसं धृतामच्छावदामसि ॥ २७ ॥

(यस्यां) जिसमें (वानस्पत्याः वृक्षाः) वनस्पतियां और वृक्ष (विश्वहा) सदा (ध्रुवाः) स्थिर (तिष्ठन्ति) रहते हैं। उस (विश्व-धायसं) सब को धारण करनेवाली और जिसका हमने (धृतां) धारण किया है ऐसी (पृथिवीं) मातृभूमिका (अच्छ आवदामसि) हम स्वागत करते हैं।

जिस हमारी मातृभूमि में वृक्ष, वनस्पतियां और विविध औषधियां सदा फूलतीं और फलतीं हैं, जो हम सब का धारण कर रही है और हम सब (प्रथम मंत्रोक्त आठ गुणोंके द्वारा) जिसका धारण कर रहे हैं, अर्थात् जिसकी स्वतंत्रता की रक्षा कर रहे हैं, उस वंदनीय मातृभूमि का हम सब स्वागत करते हैं ॥

उदीराणा उतासीनास्तिष्ठन्तः प्रक्रामन्तः।
पद्भ्यां दक्षिणसव्याभ्यां मा व्यथिष्महि भूम्याम् ॥

(उदीराणाः) उठते हुए, (उत आसीनाः) और बैठे हुए, (तिष्ठन्तः) खडे होते हुए, तथा (प्रक्रामन्तः) चलते फिरते और दौडते हुए (दक्षिण-सव्याभ्यां) सीधे और बांये (पद्भ्यां) पांवों से (भूम्यां) भूमि में (मा व्यथिष्महि) न कष्ट उत्पन्न करें।

हमारी हरएक प्रकारकी हलचल कष्ट उत्पन्न करनेवाली न हो।

विमृग्वरीं पृथिवीमा वदामि क्षमां भूमिं ब्रह्मणा वावृधानाम्।
ऊर्जं पुष्टं बिभ्रतीमन्नभागं घृतं त्वाभि नि षीदेम भूमे ॥२९

(वि - मृग्वरीं) विशेष खोज करने के योग्य, (ब्रह्मणा) ज्ञा जिसकी (वावृधानां) वृद्धि होती है, (ऊर्जं) बलकारक (र पुष्टिकारक (घृतं अन्नभागं) घी और अन्न आदि भोग्य प (बिभ्रतीं) धारण करनेवाली, (क्षमां) निवास करने यो (पृथिवीं) विस्तृत (भूमिं) मातृभूमि की मैं (आ वदामि प्रार्थना करता हूं कि हे (भूमे) मातृभूमि (त्वा) तुझपर (अ नि षीदेम) हम सब बैठें ।

हमारी भूमि अत्यंत उत्तम है, इस लिये उसकी अनेक प्रकार खोज होनी चाहिये । खोज करके उसका अधिकाधिक उपयो करके अन्नपेयादि भोग्य पदार्थ विशेष प्रकारसे प्राप्त करके ह अपना बल, पुष्टि, शक्ति और अन्य प्रकारका तेज बढावेंगे और अधिक विस्तृत प्रदेश प्राप्त करके आनंदसे रहेंगे ॥

शुद्धा न आपस्तन्वे क्षरन्तु यो नः सेदुरप्रिये तं नि दध्मः ।
पवित्रेण पृथिवि मोत् पुनामि ॥३०॥

हे (पृथिवि) मातृभूमि ! (शुद्धाः आपः) शुद्ध निर्मल जल (नः तन्वे) हमारे शरीर के लिये (क्षरन्तु) बहता रहे (यः) जो (नः सेदुः) हमारा नाश करनेका यत्न करेगा (तं) उस दुष्टको हम (अ-प्रिये) अप्रियता में (नि-दध्मः) रखेंगे, मैं (मां) अपने आप को (पवित्रेण) पवित्रता से (उत् पुनामि) उत्तम पवित्रता करता हूं ॥

हमें सदा शुद्ध जल प्राप्त होता रहे और जल आदिसे हमारे शरीर पवित्र होते रहें । हम शुद्ध, सरल और श्रेष्ठ आचार और विचारों से अपने आपको सदा पवित्र बनायेंगे । और जो शत्रु हमारा नाश करने का यत्न करेगा उसको हम योग्य दण्ड देंगे ॥

संस्कृत पाठ माला।

बारह पुस्तकोंका मूल्य म. आ. से ३) रु. और वी. पी से ४) रु.
प्रति भाग का मूल्य ।-) पांच आने और डा. व्य. -) एक आना।
अत्यंत सुगम रीतिसे संस्कृत भाषाका अध्ययन करनेकी अपूर्व पद्धति
इस पद्धतिकी विशेषता यह है-

१ प्रथम द्वितीय और तृतीय भाग।
इन भागोंमें संस्कृत के साथ साधारण परिचय करा दिया गया है।

२ चतुर्थ भाग।
इस चतुर्थ भागमें संधि विचार बताया है।

३ पंचम और षष्ठ भाग।
इन दो भागोंमें संस्कृतके साथ विशेष परिचय कराया गया है।

४ सप्तम से दशम भाग।
इन चार भागोंमें पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंगी नामोंके रूप बनानेकी विधि बताई है।

५ एकादश भाग।
इस भागमें " सर्वनाम " के रूप बताये हैं।

६ द्वादश भाग।
इस भागमें समासोंका विचार किया है।

७ तेरहसे अठारहवें भाग तकके ६ भाग।
इन छः भागोंमें क्रियापद विचार की पाठविधि बताई है।

८ उन्नीससे चौबीसवे भागतकके ६ भाग।
इन छः भागोंमें वेदके साथ परिचय कराया है।
अर्थात् जो लोग इस पद्धतिसे अध्ययन करेंगे उन को अल्प परिश्रमसे बडा लाभ हो सकता है।

स्वाध्याय मंडल, औंध (जि. सातारा)

महाभारत।

(हिंदी — भाषा — भाष्य — समेत).

तैय्यार हैं।

(१) आदिपर्व। पृष्ठ संख्या ११२५ मूल्य म. आ. से ६) रु.

(२) सभापर्व। पृष्ठ संख्या ३५६ मूल्य म. आ. से २) रु.

(३) वनपर्व। पृष्ठ संख्या १५३८ मूल्य म. आ. से ८) रु.

(४) विराटपर्व। पृष्ठ संख्या ३०६ मूल्य म. आ. से १॥)रु.

(५) उद्योगपर्व। पृष्ठ संख्या ९५३ मूल्य म.आ.से ५) रु.

(६) भीष्मपर्व। पृष्ठ संख्या ८०० मू. म. आ. से ४) रु.

[७] महाभारत समालोचना।

१ प्रथम भाग। मू. म. आर्डरसे ॥) वी. पी से ॥=)आने।

२ द्वितीय भाग। मू. म. आर्डरसे ॥) वी. पी. से ॥=)आने।

महाभारत के स्थायी ग्राहकोंके लिये १२०० पृष्ठोंका ६)रु. मूल्य होगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक — श्री. दा. सातवळेकर,
भारतमुद्रणालय- स्वाध्याय मंडल, औंध (जि. सातारा)